संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 205
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 27 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in
# प्रातःकाल एक्सप्रेस
सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



### अमित शाह ने शुरू की शी-मार्ट पहल, महिलाओं को बाजार से जोड़ने पर जोर, कहा

# सहकारिता के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना केंद्र की प्राथमिकता

कोल्लम (केरल) (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरलम के कोल्लम में सहकारिता क्षेत्र और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी कई पहलों की शुरुआत की। इनमें शी-मार्ट पहल प्रमुख है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को केवल ऋण लेने वाली नहीं, बल्कि अपना कारोबार चलाने वाली उद्यमी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

शी-मार्ट को 2026-27 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शी-मार्ट मिशन के तहत घोषित किया था। इसके जरिए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और ग्रामीण उद्योगों से जुड़े उद्यमियों को सीधे बाजार और ग्राहकों से जोड़ने की योजना है।

अमित शाह ने बताया कि एनसीसीएफ के 2,500 से अधिक रिटेल आउटलेट पर भारतीय ब्रांड और स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अलावा केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक में 300 से अधिक शी-मार्ट स्टोर स्थापित किए जाने की बात कही गई है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बनाए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचने का अवसर देना है।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसीएफ और नेफेड की मोबाइल वैन के जरिए केरलम के लोगों को सस्ती दरों पर प्याज, भारत आटा और भारत चावल उपलब्ध कराने की शुरुआत भी हुई। इसके अलावा



नेफेड कल्याण छात्रवृत्ति योजना के तहत दो किसान परिवारों की बेटियों को छात्रवृत्ति भी दी गई।

अमित शाह ने कहा कि केरलम में आजादी से पहले से ही सहकारिता की मजबूत व्यवस्था रही है। उन्होंने त्रावणकोर, कोचीन और मालाबार क्षेत्रों में सहकारी आंदोलन के पुराने इतिहास का उल्लेख किया। शाह के अनुसार, केरलम में 23 हजार से अधिक सहकारी समितियां काम कर रही हैं। उन्होंने राज्य से केंद्र की सहकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की और डेयरी, बीज तथा जैविक कृषि के क्षेत्र में विशेष सहायता और मार्गदर्शन देने की बात कही।

## नशे से नहीं, अवसरों से जुड़े बच्चों का भविष्य, पुनर्वास में शिक्षा, विश्वास और आत्मसम्मान को मिले प्राथमिकता : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

पटना (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि बच्चों और किशोरों



में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को केवल स्वास्थ्य समस्या मानकर नहीं छोड़ा जा सकता और इसे बाल संरक्षण का महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हुए उनके अंदर संवेदनशील तथा समग्र विकास की व्यवस्था विकसित करने के साथ शिक्षा, विश्वास और आत्मसम्मान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

बिहार लोक भवन में आज श्पाटलिपुत्र प्रज्ञा प्रवाहश के व्याख्यान में श्चाइल्डहुड बियॉन्ड ड्रग्स रू प्रोटेक्शन, केयर एंड रिइंटिग्रेशनश विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि नशे की गिरफ्त में आए बच्चे को केवल उसकी समस्या या गलती के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उसके पीछे की परिस्थितियों को समझाना और उसे सामान्य जीवन में लौटने का अवसर देना समाज और व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ने हाल के एक लैंसेट अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि भारत में कम से कम हर पांच में से एक किशोर के नशे के मध्यम से उच्च जोखिम में होने की बात सामने आई है। यह स्थिति बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य को लेकर गंभीरता से विचार करने की जरूरत को रेखांकित करती है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून बनाने या कार्रवाई करने तक सीमित नहीं रह सकती। बच्चों को नशे की ओर जाने से रोकने के लिए जागरूकता, शिक्षा, बेहतर पारिवारिक वातावरण और समय पर सहायता समान रूप से जरूरी है। समाज को यह सुनिश्चित करना होगा कि नशे की चपेट में आया कोई बच्चा अपने भविष्य से वंचित न हो।

## मोदी ने जो किया, मानव इतिहास में कभी नहीं हुआ

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने दिल खोलकर की तारीफ

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भारत में ऊर्जा की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत में जितने लोगों तक एनर्जी की पहुंच बनी है, उतनी किसी भी दशक, क्षेत्र या देश में मानव इतिहास के दौरान नहीं हुई। अल्बनीज ने यह बात एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के कार्यक्रम में कही। उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों का भी जिक्र किया। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के भारत के साथ अच्छे संबंध हैं और पीएम मोदी ऐसे नेता हैं, जिनके साथ उनके देश ने करीबी रिश्ते विकसित



किए हैं। एंथनी अल्बनीज की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर दबाव बना हुआ है। अमेरिका, इजरायल और ईरान से जुड़े युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसका असर कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ा है, जबकि भारत में सप्लाई काफी हद तक स्थिर बनी रही। इस दौरान ईंधन की कीमतों में भी सीमित बढ़ोतरी हुई। पीएम मोदी ने इस साल की शुरुआत में भारत की ऊर्जा स्थिति का जिक्र करते हुए कहा था कि अलग-अलग देशों से आयात बढ़ाने से देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई है। मोदी ने मई में बजट सत्र के दौरान लोकसभा में बताया था कि भारत पहले 27 देशों से ऊर्जा का आयात करता था, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 41 हो गई है।

### 36 घंटे बाद मौसम सामान्य होने की संभावना, अतिवृष्टि पर सीएम योगी बोले

# इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों से जारी भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए योगी सरकार ने राहत एवं बचाव व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहा है।

राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने शनिवार को प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर परिस्थिति में आमजन की जान-माल की सुरक्षा जिलाधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। राहत आयुक्त ने नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों, विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में नदियों के जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। संबंधित जिलाधिकारियों



को नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने और बाढ़ राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के लिए कहा गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 36 घंटों के बाद प्रदेश में मौसम सामान्य होने की संभावना है। राहत आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। उन्होंने लोगों से प्रशासन और मौसम विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए राहत हेल्पलाइन 1070 पर संपर्क किया जा सकता है।

राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के 63 जनपदों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में सामान्य से 19 गुना अधिक वर्षा हुई। फर्रुखाबाद में सामान्य से 200 गुना, कानपुर नगर में 160 गुना, कन्नौज, कानपुर देहात और हरदोई में सामान्य से 130 गुना अधिक वर्षा दर्ज की गई है। भदोही, देवरिया और अलीगढ़ में सामान्य वर्षा हुई, जबकि गाजीपुर में सबसे कम बारिश दर्ज की गई। वहीं बागपत, गाजियाबाद, मथुरा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ में वर्षा नहीं हुई। पिछले 48 घंटों में अतिवृष्टि और आंधी-तूफान के कारण प्रदेश में 117 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।

## यूपी में दीवार ढहने की अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत, बारिश ने मचाई तबाही

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, अमेठी और बाराबंकी जिलों में दीवार ढह जाने की अलग-अलग घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी तथा पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लखीमपुर खीरी जिले में नीमगांव थानाक्षेत्र के रहमत नगर गांव में शनिवार तड़के एक कच्चे मकान की मिट्टी की दीवार ढहने से उसके मलबे में दबकर एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पुलिस के मुताबिक अमेठी में जामोंथाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में रुक-रुककर हो रही बारिश के



चलते शनिवार सुबह एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से मलबे में दबकर एक महिला की मृत्यु हो गई। लखीमपुर खीरी जिले के नीमगांव थाने के प्रभारी प्रवीण गौतम ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहन कश्यप (50), उसकी पत्नी कविता (45) और बेटा अनिल (6) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे के समय परिवार के लोग अपनी घर में सो रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से मलबे से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। इस मामले में विधिक कार्यवाही चल रही है। इस बीच, अमेठी के जामों थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह ऊषा देवी (32) अपने घर के पीछे कच्ची पुरानी दीवार के बगल में बंधी भैंस खोलने अपने पति रामकुमार पासी के साथ गई थी। उन्होंने कहा कि अचानक दीवार गिरने से ऊषा देवी मलबे में दब गई जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। इसी तरह, बाराबंकी के थाना रामनगर क्षेत्र के गोपालपुर में बीती रात घर की कच्ची दीवार ढहने से उसमें दबकर 38 वर्षीय सुनीता देवी की मृत्यु हो गई। सुनीता के तीन बच्चे रवि (17), आकाश (13) और प्रियंका (9) हैं। थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की जयंती, प्रधानमंत्री ने किया नमन, खरगे बोले

# आर्थिक सुधारों ने बदली भारत की तस्वीर

नई दिल्ली (एजेंसी)। आज पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने याद किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्होंने एक दूरदर्शी राजनेता बताया, जिनके अहम आर्थिक सुधारों ने भारत की तस्वीर बदल दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, श्हमारे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में कई साल बिताए और पूरी निष्ठा के साथ देश की सेवा की। वहीं, मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, श्विनम्रता, ईमानदारी और समझदारी मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व की पहचान थी। उन्होंने शांत गरिमा और संवेदना के साथ नेतृत्व किया। खरगे ने अपनी पोस्ट में कहा, श्हम भारत





के राष्ट्र-निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के असाधारण योगदान को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं। एक दूरदर्शी राजनेता के तौर पर, उनके अहम आर्थिक सुधारों ने भारत की विकास की दिशा बदल दी। नए मौके पैदा किए और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद की।

सिंह की जयंती पर उन्होंने कहा, श्हम उस राजनेता को दिल से श्रद्धांजलि देते हैं, जिनकी ईमानदार जनसेवा, समावेशी विकास और बदलाव लाने वाले सुधारों की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।श

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां अकबर रोड स्थित एआईसीसी कार्यालय में सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी एआईसीसी कार्यालय में सिंह को श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री के आवास पर उनके परिवार की ओर से एक प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। राहुल गांधी इस सभा में शामिल हुए। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा,श्अपनी विनम्रता, ईमानदारी और दूरदर्शिता से उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय को एक नई दिशा दी। उनके ऐतिहासिक फैसले और भारत के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।

# प्राचार्य भर्ती की लिखित परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

### उत्तरकुंजी पर प्रति प्रश्न आपत्ति के लिए सौ रूपये शुल्क करना होगा जमा दो अक्टूबर तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति : डा प्रशांत कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत



कुमार ने आज बताया कि प्राचार्य (विज्ञापन संख्या-02/2026) की 24 सितम्बर 2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ चयन आयोग की अधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वह वेबसाइट पर प्रदर्शित ऑनलाइन लिंक https://www.upessc.net/UPESSCPrincipalQC/Login-aspx के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर लॉगिन करने के उपरान्त मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी से मिलान कर लें।

चयन आयोग के उपसचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि यदि प्रोविजनल उत्तरकुंजी पर कोई आपत्ति हो तो 02 अक्टूबर 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज की जा सकती है। उत्तरकुंजी पर प्रति प्रश्न आपत्ति के लिए 100 (रुपये सौ मात्र) शुल्क निर्धारित किया गया है। आपत्ति दर्ज करने संबंधी दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। ऑनलाइन लिंक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## संपादकीय

### अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार में राई–रत्ती भर भी नैतिकता हो, तो उन्हें फौरन अपने–अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। क्योंकि उन पर वोट चोरी के कारण देशद्रोह जैसा गंभीर इल्जाम लगाया गया है। ज्ञानेश कुमार तो जन प्रतिनिधि नहीं हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी और अमित शाह में वाकई हिम्मत है कि वो जनता के बीच जाकर असल वोट हासिल कर जीत सकते हैं तो उन्हें इस्तीफा देने में कोई दिक्कत नहीं होगी। याद दिला दें कि यूपीए सरकार के वक्त 2006 में सोनिया गांधी लाभ के पद विवाद में उलझीं तो उन्होंने फौरन इस्तीफा देकर उपचुनाव में जाना तय किया था। दरअसल सोनिया गांधी रायबरेली से लोकसभा सांसद थीं और साथ ही राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की चेयरपर्सन थीं, जिसे तब कैबिनेट मंत्री की रैंक हासिल थी। विपक्ष यानी तत्कालीन भाजपा ने इसे लाभ का पद बताते हुए सोनिया गांधी पर आरोप लगाए तो अपनी नैतिकता दिखाते हुए उन्होंने दोबारा चुनावी मैदान में उतरना तय किया और जीतीं भी। यह मिसाल यहां देना इसलिए जरूरी है, क्योंकि आज देश के सर्वोच्च पदों पर बैठे दो लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह सत्ता पर बने रहने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रहे हैं और यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उनके निर्देशों पर काम कर रहे हैं। यह आरोप एक बार नहीं बार–बार लग रहे हैं। द इंडियन एक्सप्रेस में बुधवार और गुरुवार को छपी रिपोर्टों में इस बात का अच्छे से खुलासा हुआ है कि किस तरह एसआईआर के जरिए करोड़ों योग्य मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया। एक बड़ा खुलासा यह भी हुआ है कि 2024 के बाद से नयी पीढ़ी के मतदाता यानी 18 बरस की आयु पूरी कर चुके लोगों को अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाने में अड़चनें आ रही हैं। यह सब महज तकनीकी गड़बड़ी से नहीं हुआ हो, बल्कि इसके लिए पहले कानून बदला गया, फिर नए नियम बनाए गए, गोपनीयता का हवाला देकर बहुत से फैसलों को बिना स्पष्टीकरण के लागू कर दिया गया। भारत के जिस चुनाव आयोग की निष्पक्ष और मजबूत छवि पूरी दुनिया में मशहूर थी। भारत के लोकतांत्रिक चुनावों की मिसाल अन्य लोकतांत्रिक देशों में दी जाती थी, उसकी साख और गरिमा को मोदी–शाह ने तार–तार कर दिया है। इसलिए एक बार फिर देश में जनता के उठ खड़े होने के हालात बन रहे हैं। गुरुवार को वोट चोरी के मुद्दे पर दो अहम प्रेस कांफ्रेंसेस हुईं। एक कॉकरोच जनता पार्टी ने की और दूसरी राहुल गांधी ने। राहुल गांधी ने अपनी प्रेसवार्ता में एक अहम मुद्दा एंटी इन्कमबेन्सी का उठाया कि इंदिरा गांधी से लेकर तमाम प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों को कभी न कभी विरोध में जनादेश मिला है, यानी उन्हें सत्ता से हटने का आदेश जनता ने दिया। लेकिन नरेन्द्र मोदी और अमित शाह कई बार कभी 30 साल तो कभी 50 साल तक भाजपा के एकछत्र राज का दावा कर चुके हैं। जाहिर है इसके पीछे उनका षड्यंत्र यही है कि वोट के अधिकार को कुचल कर अपनी सत्ता बनाए रखो। राहुल गांधी ने बताया कि वोट चोरी से कानून चोरी की जा रही है और फिर संस्था चोरी। यानी संसद में सत्ताधारी चोरी के वोटों से पहुंचे हैं और इसलिए वो जो कानून बना रहे हैं वो सही नहीं कहे जा सकते। राहुल गांधी ने बाकायदा क्रोनोलॉजी समझा दी कि दिसंबर 2023 में जब चुनाव आयुक्त को कानूनी कार्रवाई से बचाने का कानून बनाया गया था, तब से लेकर अब तक कितनी बार उन्होंने चुनावी धांधली और चुनाव आयोग पर कब्जे के सबूतों के साथ प्रेस कांफ्रेंस की और जनता को तथ्यों से परिचित कराया है। राहुल गांधी का कहना है कि जब उन्होंने मतदाता सूची में जबरन गलत नाम जोड़ने और सही नामों को काटने के खेल को उजागर किया, उसके बाद एसआईआर की कवायद चुनाव आयोग ने शुरु कर दी। राहुल गांधी ने साफ कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ज्ञानेश कुमार को बचा रहे हैं। आज जैसी धांधली देश में पहले कभी नहीं हुई। ज्ञानेश कुमार तुरंत इस्तीफा दें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की साजिश की भी जांच हो। अब ये जांच कौन करेगा ये बड़ा सवाल है। राहुल गांधी अपनी बातों में जहां पुराने तथ्यों और आरोपों को दोहराते दिखे, और उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इस बात का खुलकर जवाब नहीं दिया कि क्या कांग्रेस या इंडिया गठबंधन इस मामले में अब आंदोलन छेड़ेगा और इसका स्वरूप क्या होगा। वहीं कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने पुराने रवैये को बरकरार रखते हुए मोदी सरकार के सामने तीन स्पष्ट मांगें रखीं और इसके लिए वक्त भी मुकर्रर कर दिया है। सीजेपी ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाताओं के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर वह 48 घंटे के भीतर अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू होगा और दिल्ली में श्जंतर–मंतर 2.0 भी किया जाएगा।

# देवीलाल के लिए सत्ता का अर्थ केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं था

**सतीश मेहरा**

1987 में जब चौधरी देवीलाल दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने तो मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही उन्होंने अधिकारियों से बुढ़ापा पैंशन की फाइल मंगवाई। उस पर हस्ताक्षर करने के बाद अपने सहज अंदाज में कहा–'ले, हो गई बुढ़ापा पैंशन।' उनके लिए सत्ता का अर्थ केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं, बल्कि उस कुर्सी के माध्यम से गरीब, बुजुर्ग, किसान, मजदूर और कमेरे वर्ग के जीवन में राहत पहुंचाना था। उस समय चौधरी बंसीलाल लोगों के बीच कहते थे कि देवीलाल बुढ़ापा पैंशन लागू नहीं कर पाएंगे। देवीलाल ने जवाब दिया था कि मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले बुढ़ापा पैंशन की फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने कथन को अमल में बदल दिया। वर्ष 1987 में 100 रुपए मासिक की दर से वृद्धावस्था पैंशन शुरू कर दी गई। आज यही योजना वृद्धावस्था सम्मान भत्ते के रूप में हरियाणा की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल है और इसकी राशि 3,200 रुपए प्रतिमाह तक पहुंच चुकी है। चौधरी देवीलाल केवल राजनेता नहीं, बल्कि राजनीति और समाज सेवा की ऐसी संस्था थे, जिनका जीवन गरीब, किसान, मजदूर और कमेरे वर्ग के अधिकारों के संघर्ष में बीता। जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। 25 सितम्बर, 1914 को तत्कालीन हिसार जिले के (वर्तमान में सिरसा जिले के) तेजा खेड़ा गांव में जन्मे देवीलाल ने आजादी की लड़ाई से लेकर हरियाणा के निर्माण और आम आदमी के अधिकारों तक के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री और उपप्रधानमंत्री बनने के बाद भी उनकी पहचान आम आदमी से जुड़ी रही। वह कठिन बात भी गांव की भाषा में कहते थे और यही उनकी जनसंचार शैली की सबसे बड़ी ताकत थी। देवीलाल की राजनीति केवल बुढ़ापा पैंशन तक सीमित नहीं थी। 'खुले जनता दरबार' के माध्यम से शासन को गांव और आम आदमी के दरवाजे तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। किसानों और गरीबों को राहत, सहकारी संस्थाओं के कर्ज से जुड़ी राहत, अनुसूचित जाति की चौपालों का निर्माण, बेरोजगार युवाओं के लिए सहायता, विद्यार्थियों के बस पास में राहत और साक्षात्कार के लिए जाने वाले युवाओं



की बस यात्रा निःशुल्क करने जैसे अनेक फैसले उनके जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। जच्चा–बच्चा के लिए पोषण सहायता, कुछ करों से राहत, ट्रैक्टर और साइकिल का टोकन टैक्स समाप्त करना, रेडियो लाइसैंस फीस खत्म करना तथा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता जैसी पहलें भी उनके शासन की पहचान बनीं। चौधरी देवीलाल की सादगी और 36 बिरादरियों के नेता होने का प्रमाण मुझे स्वयं वर्ष 1989 में गांव खेड़ी मसानिया में देखने को मिला। उस समय उन्होंने गांव–गांव में मैचिंग ग्रांट योजना के तहत अनुसूचित जाति की चौपालों के निर्माण की घोषणा की थी। चौपाल निर्माण की जिम्मेदारी तत्कालीन उद्योग मंत्री डा. कृपाराम पूनिया को दी गई थी। खेड़ी मसानिया में श्री गुरु रविदास मंदिर के शिलान्यास और चौपाल के उद्घाटन का कार्यक्रम डा. पूनिया को करना था लेकिन किन्हीं कारणों से उन्हें कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा भी दिया, हालांकि देवीलाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। अगले दिन डा. पूनिया ने मुझे चंडीगढ़ बुलाया और बाद में देवीलाल से मिलवाया। मुझे देखते ही उन्होंने सहज अंदाज में पूछा–'हां भई छोरे, क्या चाहते हो तुम?' मैंने कहा कि डा. पूनिया तो आएं ही, आप भी हमारी चौपाल के उद्घाटन समारोह में आएं। इससे गरीब और दलित समाज का सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने तत्काल कहा–'मैं गांव खेड़ी मसानिया आऊंगा, आप तैयारी करो।' वह 31 मार्च, 1989 को डा. कृपाराम पूनिया के साथ खेड़ी मसानिया गांव में पहुंचे। उन्होंने चौपाल का उद्घाटन किया, श्री गुरु रविदास मंदिर का शिलान्यास किया और भारी जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने मैचिंग ग्रांट के साथ अतिरिक्त सहायता राशि की घोषणा की तथा किसानों, गरीबों, दलितों और ग्रामीण विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। उनके व मोहल्ला वासियों के प्रयासों से बनी चौपाल शानदार भवन का रूप ले चुकी है। देवीलाल ने राजनीति को समाज के कमजोर व्यक्ति को सम्मान देने का जरिया बनाया। 25 सितम्बर को जननायक चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस पर उन्हें याद करना केवल श्रद्धांजलि देना नहीं, बल्कि उस जनसेवा की परंपरा को स्मरण करना भी है, जिसमें गरीब की चिंता, किसान का सम्मान, बुजुर्गों की सुरक्षा और गांव का विकास शासन की प्राथमिकता माने जाते थे।

# विद्रोह और विभाजन की दरार

**राजेश पांडेय**

लगभग चार दशक पहले दूरदर्शन पर हर रविवार सुबह 11 बजे आने वाले श्याम बेनेगल के शो–भारत एक खोज के अंत में भारत के प्रमुख औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप के मानवीय पक्ष की तस्वीर पेश की जाती थी। इसमें कंपनी आम नागरिकों की मदद, सामुदायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी गतिविधियों का ब्योरा सामने रखती थी। अंत में छोटे परदे पर विनम्र लहजे में एक आवाज गूंजती थी–इस्पात भी हम बनाते हैं। 1988–89 में प्रसारित 53 एपिसोड का भारत एक खोज सीरियल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की किताब–भारत एक खोज (डिस्कवरी ऑफ इंडिया) पर आधारित था। भारत के इतिहास की कहानी बताने वाले सीरियल को टाटा ग्रुप ने प्रायोजित किया था। टाटा स्टील के प्रमोशन का दिल छू लेने वाला अंदाज ग्रुप की प्रकृति और उसकी सोच को भी अप्रत्यक्ष तरीके से जाहिर करता था। इन दिनों टाटा ग्रुप सुर्खियों में है। ग्रुप के भीतर जबर्दस्त सत्ता संघर्ष चल रहा है। एक माह पहले ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने अपना कार्यकाल खत्म होने पर विदा लेने का ऐलान किया था। लेकिन कंपनी के बोर्ड ने चंद्रशेखरन के पांच साल के कार्यकाल को मंजूरी दे दी। दरअसल, टाटा संस के बोर्ड ने ग्रुप के सबसे बड़े शेयर होल्डर टाटा ट्रस्ट (66प्रतिशत शेयर) की मर्जी के खिलाफ यह फैसला लिया है। नाटकीय घटनाक्रम के बीच टाटा खानदान के वारिस और टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने फैसले का विरोध किया है। नेतृत्व पर उठे विवाद ने टाटा साम्राज्य में गहरा संकट पैदा कर दिया है। ग्रुप में अंदरूनी टकराव कुछ समय से चल रहा है। खासतौर से अक्टूबर 2024 में रतन टाटा की मृत्यु के बाद सत्ता संघर्ष तेज हो गया है। नोएल टाटा और चंद्रशेखरन के बीच कई मुद्दों पर तीखे मतभेद हैं। टाटा में इस तरह का सत्ता संघर्ष पहले भी होता रहा है। रतन टाटा के चेयरमैन बनने के बाद कई कंपनियों के शक्तिशाली प्रमुखों को हटना पड़ा था। ये थे–टिस्को, टाटा स्टील के चेयरमैन रूसी मोदी, टाटा केमिकल्स, टाटा टी के दरबारी सेठ, इंडियन होटल्सः ताज ग्रुप के अजित केरकर और टाटा संस के साइरस मिस्त्री। इनमें केवल मिस्त्री को रतन टाटा ने नियुक्त किया था। मिस्त्री ने उन्हें हटाए जाने को अदालत में चुनौती दी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मिस्त्री को हटाने का फैसला सही ठहराया था। दरअसल, एक सड़क दुर्घटना में मृत मिस्त्री टाटा में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले शापुरजी पलोनजी ग्रुप के उत्तराधिकारी थे। टाटा के अंदरूनी विवाद के साथ एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा जुड़ गया है। इसके नतीजे ग्रुप की स्थिति को बहुत ज्यादा प्रभावित कर सकते हैं। रिजर्व बैंक ने 2021 में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) का नियम लागू किया है। इसके तहत बड़ी एनबीएफसी कंपनियों के लिए तीन साल के भीतर शेयर मार्केट में जाना अनिवार्य है। सितंबर 2022 में टाटा संस का वर्गीकरण एनबीएफसी में कर दिया गया। कंपनी ने इसे चुनौती दी है। चंद्रशेखरन और टाटा संस बोर्ड के सदस्य भी कंपनी की शेयर बाजार में लिस्टिंग के पक्ष में हैं। वहीं नोएल टाटा इसके खिलाफ हैं। ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस शेयर मार्केट में जाने का लगातार विरोध करती रही है। अगर ऐसा होता है तो बाहरी कंपनियों को इस विराट साम्राज्य पर कब्जा करने का मौका मिल जाएगा। किसी भी कंपनी की होल्डिंग कंपनी कोई प्रोडक्ट नहीं बनाती है। बिजनेस नहीं करती है। वह ग्रुप की सहायक कंपनियों में अपने वोट देने वाले शेयर बनाए रखती है। इसलिए टाटा संस पर कब्जे का मामला अहम है। टाटा साम्राज्य का स्वर्णिम सफर भारत की आर्थिक यात्रा के विभिन्न पहलुओं से जुड़ा है। उसका समृद्ध अतीत भारत की राजनीतिक स्थिति के कुछ पहलुओं को भी पेश करता है। पारसी व्यवसायी जमेशदजी नुसरवानजी टाटा ने 158 साल पहले ग्रुप की बुनियाद रखी थी। अब नमक, आभूषण से लेकर स्टील बनाने वाले ग्रुप में 26 पब्लिक लिस्टेड कंपनियां हैं। इन सभी कंपनियों का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 26 लाख करोड़ रुपए से 31 लाख करोड़ रुपए के बीच है। देश, विदेश में दस लाख कर्मचारियों के ग्रुप की सालाना आय 17 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। ग्रुप ने नैतिकता, कारोबारी मूल्यों, उच्च स्तरीय क्वालिटी, कर्मचारी कल्याण और परोपकार को बढ़ावा देने के कारण अलग पहचान बनाई है। टाटा को बड़ा बिजनेस साम्राज्य बनाने और उसके मूल्य सुरक्षित रखने में कुछ दिग्गजों की भूमिका अहम है। इनमें –जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा (जेआरडी) का नाम सबसे आगे है। उनके बाद रतन टाटा का नाम लिया जा सकता है। जेह के नाम से मशहूर जेआरडी 1938 में केवल 34 साल की आयु में टाटा संस के चेयरमैन बने और 1991 तक शीर्ष पर रहे। 1932 में कराची से मुंबई की हवाई उड़ान के साथ उन्होंने भारत को विश्व के विमानन नक्शे पर खड़ा किया था। शायद एयर इंडिया टाटा की सभी कंपनियों में उनके दिल के सबसे ज्यादा नजदीक थी। इसलिए 1953 में एयर इंडिया के राष्ट्रीयकरण ने उनका तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से मोहभंग कर दिया। उससे पहले उनके नेहरू से अच्छे रिश्ते थे। जेआरडी की आत्मकथा–जेह–अ लाइफ ऑफ जेआरडी में बख्तियार के दादाभाई उस वक्त के घटनाक्रम पर लिखते हैं कि 5 नवंबर 1952 को संचार मंत्री जगजीवनराम ने जेआरडी से मुलाकात कर फैसले की जानकारी दी थी। जेआरडी आहत थे कि सरकार ने इस मसले पर टाटा से सलाह करने की जरूरत नहीं समझी। आत्मकथा के अनुसार जेआरडी ने नेहरू से मुलाकात की और साफ शब्दों में अपना असंतोष जताया। लेकिन नेहरू ने कोई आश्वासन नहीं दिया। उन्होंने कुछ दिन बाद जेआरडी को एक पत्र लिखकर उनकी इस धारणा को दूर करने की।

कोशिश की कि सरकार का फैसला नागर विमानन और विशेष रूप से टाटा एयरलाइंस के खिलाफ साजिश है। नेहरू ने लिखा– हम इस और अन्य मामलों में आपकी मदद चाहते हैं और इरादों पर संदेह और असंतोष अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लिखा आपके जैसे पुराने दोस्त की ऐसी सोच से मुझे बहुत ठेस पहुंची है। राष्ट्रीयकरण के बाद नेहरू और जेआरडी के संबंध पहले जैसे नहीं रहे। मतभेदों के बावजूद सरकार ने 1955 में जेआरडी को देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से विभूषित किया था। सरकार द्वारा लगातार राष्ट्रीयकरण करने और संबंधित कंपनियों को मुआवजा देने की नीतियों से जेआरडी बेहद असंतुष्ट थे। इस बीच मई 1961 में सी राजगोपालाचारी ने जेआरडी से स्वतंत्र पार्टी के लिए समर्थन मांगा। जेआरडी की सोच थी कि देश में कांग्रेस के खिलाफ मजबूत विपक्षी दल होना चाहिए। जेआरडी ने नेहरू को राजाजी का समर्थन करने के अपने फैसले की जानकारी दी। नेहरू का इससे नाराज होना स्वाभाविक था। जेआरडी ने नेहरू को 16 अगस्त 1961 को लिखे पत्र में कहा कि टाटा ने कांग्रेस का समर्थन करना बंद नहीं किया है। उन्होंने कम्युनिस्ट विकल्प के खतरों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि केवल स्वतंत्र पार्टी ही एक जिम्मेदार विपक्षी पार्टी के रूप में उभर सकती है। नेहरू ने इसके जवाब में लिखा कि स्वतंत्र पार्टी सक्षम विपक्ष नहीं बन सकती है। नेहरू का कहना सही साबित हुआ। दस साल बाद स्वतंत्र पार्टी अस्तित्वहीन हो गई।इतिहास के कुछ और पन्ने टाटा साम्राज्य और सत्ताधीशों के कड़वे रिश्तों के गवाह हैं। नेहरू के निधन के बाद समाजवादी नीतियों को उनकी बेटी इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया। इंदिरा गांधी से जेआरडी के व्यक्तिगत संबंध अच्छे थे।

# सीईसी के बिना अधिकार और गैर-कानूनी कामों के लिए प्रधानमंत्री मोदी जिम्मेदार

**डॉ. ज्ञान पाठक**

भारत के तीन चुनाव आयुक्तों में से दो ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चुनाव आयोग के कुछ फैसलों पर अपनी आपत्ति दर्ज की है और उन्हें श्गैर–कानूनीश और शबिना अधिकार केश भी बताया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक जांच में पता चला है कि पिछले दस महीनों में कम से कम 14 बार आपत्तियां उठाई गई थीं। हालांकि, यह मामला सिर्फ सीईसी की जवाबदेही से कहीं आगे का है, क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नियुक्त किए गए पसंदीदा व्यक्ति हैं। उन्हें सीईसी और अन्य ईसी की नियुक्ति के लिए 2023 में लाए गए कानून के तहत नियुक्त किया गया था, जिसने चुनाव आयोग को उनके नियंत्रण में ला दिया। उस कानून के तहत, केवल सीईसी को संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है और उन्हें केवल महाभियोग के जरिए ही हटाया जा सकता है। महाभियोग का यह प्रावधान कितना बेअसर हो गया है, इसे भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई 2025 को दिए गए इस्तीफे (जो तुरंत लागू हुआ) के ताजा उदाहरण से समझा जा सकता है। महाभियोग का प्रावधान उनके लिए कोई सुरक्षा कवच साबित नहीं हुआ और सबसे ऊंचे स्तर से महाभियोग की धमकी का एक साधारण संदेश ही उनका इस्तीफा लेने के लिए काफी था। यह घटना बताती है कि सीईसी के पद पर ज्ञानेश कुमार कितने कमजोर हैं। उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशों का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जहां तक बाकी दो चुनाव आयुक्तों की बात है, उन्हें ऐसी कोई संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है। सीईसी और दो ईसी की नियुक्ति और सेवा शर्तों से जुड़े 2023 के कानून के तहत, उनका कार्यकाल पूरी तरह से सीईसी की इच्छा पर निर्भर करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से सरकार की इच्छा है। दो ईसी के पास केवल आपत्ति जताने की शक्ति है, जो उन्होंने की भी, लेकिन मौजूदा हालात में दोनों ईसी से यह उम्मीद करना बहुत ज्यादा होगा कि वे इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाएं। हमने पहले देखा है कि कैसे एक ईसी को चुनाव आयोग की कुछ गतिविधियों पर आपत्ति जताने की भारी कीमत चुकानी पड़ी थी और उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था क्योंकि सरकार ने उनकी पत्नी के खिलाफ कथित टैक्स चोरी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी थी। ये घटनाएं साफ तौर पर बताती हैं कि भारत का चुनाव आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे नियंत्रण में कैसे काम करता है। इसलिए, सीईसी ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग चलाने की विपक्ष की मांग से भारत के चुनाव आयोग की जवाबदेही की समस्या हल नहीं होगी, जो चुनावी लोकतंत्र का संरक्षक और रक्षक है। भारत में जुलाई 2025 से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है, जो बहुत विवादित हो गया है। इसने भारत के नागरिकों को भारी परेशानी में डाल दिया है और अब तक 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इससे पहले, हरियाणा और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में राज्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में मतदाताओं को जोड़ा गया था। यह सब कानूनों की आड़ में किया गया, जिनमें हेरफेर की गई थी। एसआईआर में भी हेरफेर की गई, और इसका फायदा हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को मिला। सर्वोच्च न्यायालय ने भी एसआईआर पर न्याय करने के बजाय उससे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षक की भूमिका अदा की। सर्वोच्च न्यायालय सीईसी और अन्य ईसी की नियुक्ति और सेवा शर्तों के लिए 2023 के कानून को चुनौती देने वाले मामले पर भी अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। उस कानून ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति समिति से बाहर कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय का रूख रहस्यमय रहा है– उदाहरण के लिए, उसने चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक माना, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा असंवैधानिक तरीके से पैसे इकठ्ठा करने के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। इसलिए, इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट से सामने आई बात चुनाव आयोग के भीतर के आपसी प्रशासनिक मतभेदों से कहीं आगे की है। यह एक ज्यादा गंभीर सवाल उठाती है कि क्या चुनाव पर नजर रखने वाली संस्था सच में स्वतंत्र रह सकती है, जब मौजूदा सरकार का इस संवैधानिक संस्था पर निर्णायक प्रभाव हो? चुनाव आयोग की विश्वसनीयता न केवल उसके आयुक्तों की व्यक्तिगत ईमानदारी पर निर्भर करती है, बल्कि उन संस्थागत सुरक्षा उपायों पर भी निर्भर करती है जो उन्हें राजनीतिक दबाव से बचाते हैं। यहीं पर हम सिर्फ सीईसी ज्ञानेश कुमार की व्यक्तिगत ईमानदारी को दोष नहीं दे सकते, खासकर तब जब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर पूरे चुनावी लोकतंत्र को हथियाने की कोशिश करते देखा जा रहा है– ऐसे कानून और नियम लाकर जिन पर भारत की संसद में कभी चर्चा तक नहीं हुई। यह याद रखना चाहिए कि सीईसी और अन्य ईसी की नियुक्ति और सेवा शर्तों से जुड़ा 2023 का कानून तब पारित किया गया था जब विपक्ष के लगभग सभी सदस्यों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में बताया गया था कि इस मुद्दे पर लगभग कोई बहस नहीं हुई थी, और विपक्ष के सांसदों के निलंबन के बाद उनकी अनुपस्थिति में श्वॉइस वोटश (मौखिक मतदान) के जरिए कानून को जल्दबाजी में पारित कर दिया गया था। आज चुनाव आयोग की विश्वसनीयता का सवाल और भी अहम हो गया है, क्योंकि यह बात सामने आई है कि दो चुनाव आयुक्तों ने कई मौकों पर वोटर लिस्ट की प्रक्रियाओं, फॉर्म 6 में बदलाव और आयोग के टेक्नालॉजी प्रणाली के कामकाज को लेकर आपत्तियां जताई थीं। वोटर लिस्ट का डेटा केन्द्रीयकृत किया गया था और फैसले लेने में चुनाव आयुक्तों को शामिल नहीं किया गया था।

## डीएलएड तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में 97.11 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे उपस्थित

### प्रदेश के 426 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 1.65 लाख से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में निर्धारित 426 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की ओर से जारी सूचना के अनुसार तीन पालियों में विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में हिंदी, द्वितीय पाली में संस्कृत/उर्दू तथा तृतीय पाली में कंप्यूटर विषय की परीक्षा कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 11 बजे, दूसरी पाली 11:30 से 12:30 बजे तथा तीसरी पाली दोपहर दो से तीन बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों से प्राप्त आख्या के अनुसार तीनों पालियों में कुल 1,65,265 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रथम पाली में करीब 97 प्रतिशत, द्वितीय पाली में 96.93 प्रतिशत तथा तृतीय पाली में सर्वाधिक 97.11 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

## पूज्य गुरुदेव महंत नरेंद्र गिरि की पांचवीं पुण्य स्मरण बेला पर समाधि पूजन, देशभर से जुटे साधु-संत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज की पांचवीं पुण्य स्मरण बेला पर शनिवार को अल्लापुर स्थित श्री मठ बाघंबरी गद्दी में समाधि पूजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन देशभर से साधु–संत और महात्मा श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बाघंबरी मठ पहुंचे। मठ के महंत बलबीर गिरि जी महाराज के साथ अखाड़े के पंच परमेश्वर, महामंडलेश्वर और संतों ने विधि–विधान से समाधि पूजन किया। इस अवसर पर मठ को फूलों और झालरों से सजाया गया था। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे संतों ने महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और प्रार्थना की। कार्यक्रम के तहत सुबह समाधि स्थल पर अभिषेक किया गया। इसके बाद पंच परमेश्वर, ब्राह्मणों और महामंडलेश्वरों द्वारा गृह शांति एवं विष्णु सहस्रनाम हवन किया गया। हवन के उपरांत समाधि पूजन और पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाधि पूजन में एक हजार से अधिक साधु–संत शामिल हुए। पूजन के बाद दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं और संतों के लिए प्रसाद वितरण शुरू किया गया। महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कहा कि पूज्य गुरुजी अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से सदैव लोगों के बीच जीवित रहेंगे। उन्होंने देशभर से पहुंचे साधु–संतों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

## थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतें पहुंचीं, दो राजस्व व एक पुलिस विभाग से संबंधित

### राजस्व की एक शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण, शेष शिकायतों के समयबद्ध समाधान के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। खीरी थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस एसडीएम कोरांव टीपी (ठाकुर प्रसाद) सिंह के नेतृत्व एवं थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया



गया। इस दौरान कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें दो राजस्व विभाग और एक पुलिस विभाग से संबंधित रही। राजस्व विभाग से संबंधित एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में एसडीएम टीपी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मेजा के नायब तहसीलदार चंदन पाल, उपनिरीक्षक हरेन्द्र यादव, सोनजीत यादव, मनोज कुमार, राम प्रवेश मौर्य, महिला उपनिरीक्षक निकिता वर्मा, दीवान राजेश सिंह, मुंशी भूपेंद्र यादव, सीसीटीएनएस कर्मी शिव कुमार व रामसूरत, महिला कांस्टेबल मंजू समेत थाना पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## हज-2027: महरम के साथ आवेदन न कर पाने वाली महिलाओं को 7 अक्टूबर तक अश्वनलाइन आवेदन का मौका

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री कृष्ण मुरारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा महरम श्रेणी में महिलाओं के लिए हज–2027 हेतु 500 सीटें आवंटित की गई हैं। ऐसी महिलाएं, जिनके महरम का हज–2027 के लिए चयन हो चुका है, लेकिन किसी कारणवश उनके साथ आवेदन नहीं कर सकी हैं, उन्हें महरम के कवर में शामिल होने के लिए विशेष सुविधा के तहत आवेदन का अवसर दिया गया है। ऐसी महिला आवेदकों के लिए आवश्यक है कि उन्होंने पूर्व में हज कमेटी या हज ग्रुप ऑर्गेनाइजर के माध्यम से हज न किया हो। इच्छुक महिलाएं हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई की वेबसाइट पर 7 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। ऑफलाइन, हस्तलिखित अथवा टाइप किया हुआ आवेदन मान्य नहीं होगा। आवेदन के लिए वैध मशीन रीडेबल पासपोर्ट आवश्यक है, जिसकी वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन के दौरान पासपोर्ट के प्रथम व अंतिम पृष्ठ, पासपोर्ट साइज फोटो, आवासीय पते का प्रमाण तथा महरम से संबंध का प्रमाण अपलोड करना होगा। एक कवर में महिला आवेदक सहित अधिकतम पांच आवेदन मान्य होंगे। 500 सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर चयन डिजिटल रैंडम चयन (ऑनलाइन लॉटरी) के माध्यम से किया जाएगा।

# 24 दिन बाद भी बेटी के शव के लिए दर-दर भटक रहा पिता

### शादी से पहले गर्भवती होने पर मंगेतर ने टोंस नदी में फेंकने की बात कबूली, दोनों आरोपी जेल में

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। खीरी थाना क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती के लापता होने के 24 दिन बाद भी उसका शव बरामद नहीं हो सका है। बेटी के शव की तलाश में पिता लगातार पुलिस थाने से लेकर अधिकारियों के कार्यालय तक चक्कर लगा रहा है। पिता का कहना है कि बेटी का शव मिल जाए, ताकि वह हिंदू रीति–रिवाज के अनुसार उसका अंतिम संस्कार कर सके।



जानकारी के अनुसार युवती की शादी कौंधियारा थाना क्षेत्र के खेपा गांव निवासी लवकुश पाल के साथ तय हुई थी। तीन सितंबर को लवकुश पाल अपने साथी शुभम उर्फ हरिओम पाल निवासी सुजनी, खीरी के साथ युवती के घर पहुंचा था। आरोप है कि उसने युवती की मां से बाजार में खरीदारी कराने की बात कहकर युवती को अपने साथ ले लिया। इसके बाद युवती वापस घर नहीं लौटी।

काफी खोजबीन के बाद युवती के पिता ने छह सितंबर को खीरी थाने में लवकुश पाल और शुभम उर्फ हरिओम पाल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान युवती की हत्या कर शव टोंस नदी में फेंके जाने की बात सामने आई।

पुलिस के मुताबिक लवकुश पाल की पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी और इसके बाद युवती से उसकी दूसरी शादी तय हुई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि शादी से पहले दोनों के बीच संबंध बने थे, जिससे युवती गर्भवती हो गई थी। इसके बाद वह शादी से पीछे हटने लगा, जबकि युवती शादी के लिए दबाव बना रही थी। आरोप है कि इसी विवाद के चलते लवकुश ने युवती को टोंस नदी पर बने पुल से नीचे फेंक दिया।

पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन घटना के 24 दिन बीतने के बाद भी युवती का शव बरामद नहीं हो सका है। शव नहीं मिलने से परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। पिता का कहना है कि वह लगातार पुलिस और अधिकारियों से बेटी के शव की तलाश कराने की गुहार लगा रहा है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।

पिता ने पुलिस प्रशासन से टोंस नदी में व्यापक स्तर पर तलाश अभियान चलाकर बेटी का शव बरामद कराने की मांग की है, ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके।

## पतंजलि ऋषिकुल इंटरैक्ट क्लब के पदाधिकारियों ने संभाला पदभार





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पतंजलि ऋषिकुल के कॉसमॉस सभागार में रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन की ओर से इंटरैक्ट इंस्टॉलेशन एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम–2026 आयोजित किया गया। शुभारंभ राष्ट्रगान, दीप प्रज्ज्वलन एवं कॉलर सेरेमनी से हुआ। कार्यक्रम में पतंजलि ऋषिकुल व गंगा गुरुकुलम् के इंटरैक्ट क्लब तथा विभिन्न महाविद्यालयों के रोटरैक्ट क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर दायित्व सौंपे गए। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन की अध्यक्ष ऋतु कमल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व बताया। डॉ. गरिमा सिंह ने इंटरैक्ट की कार्यप्रणाली एवं सेवा परियोजनाओं की जानकारी दी, जबकि सचिन उपाध्याय ने कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा और समर्पण से निर्मित होता है। विद्यार्थियों ने गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां भी दीं। प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## विराट गणपति महोत्सव करेलाबाग कालोनी का 26वां वर्ष धूमधाम से सपन्न

### प्रख्यात कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा गणपति महोत्सव में हुए सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्री गणपति जी सदा सहाय फाउंडेशन करेलाबाग कालोनी प्रयागराज द्वारा गणपति महोत्सव का 26 वें वर्ष का आयोजन 14 सितंबर दिन शुक्रवार से 25 सितंबर दिन शुक्रवार तक दिव्य यज्ञ, हवन, आरती, पूजा, वंदना, गणपति जन्म, शिवनृत्य नाटिका इत्यादि द्वारा धूमधाम से मनाया गया। भगवान गणपति जी की विराट मूर्ति स्थापना 11 वैदिक ब्राह्मण द्वारा वैदिक विधि विधान से किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अखिलेश सहाय शास्त्री एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रीति सहाय के नेतृत्व में भगवान गणपति जी को 1011लड्डू एवं



अतिप्रिय 1011 मोदक का भोग लगाया गया।

अंतिम दिन यज्ञ हवन द्वारा गणपति पूजा संपन्न कराने वाले पूजा विधि–विधान व शास्त्रों के विद्वान पंडित उदित त्रिपाठी, पंडित अनुराग तिवारी, पंडित तरुण पांडे, पंडित हर्ष मिश्रा, पंडित प्रेम सागर ,पंडित जयप्रकाश एवं विश्वविख्यात अंतर्राष्ट्रीय कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा सदस्य राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश को पुष्पहार, अंगवस्त्र, शिव पट्टिका, गणपतिपुस्तिका, मिष्ठान आदि से मंच पर श्री गणपति सहाय सदा फाउंडेशन के ओजस्वी अध्यक्ष अखिलेश सहाय शास्त्री द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया जिनके अथक परिश्रम से यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ तथा सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया कि बड़ी संख्या में भक्तजनों ने पंडाल में एकत्र हो भक्ति भाव से अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्योति जलाई ।

## थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों का कराया गया निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर तहसीलों के अन्तर्गत आयोजित थाना समाधान दिवस में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के सम्बंध में प्राप्त शिकायती पत्रों पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया।

तहसील बारा

तहसीलदार बारा द्वारा तहसील बारा क्षेत्रान्तर्गत थाना दिवस में थाना शंकरगढ के अन्तर्गत ग्राम सभा मवैया कलां में आराजी संख्या–293, कौंधियारा के अन्तर्गत ग्राम सभा गडैया खुर्द में आराजी संख्या–96 एवं ग्राम सभा परिटयार में आराजी संख्या–100, लालापुर के अन्तर्गत ग्राम सभा गिधार में आराजी संख्या–48, लालापुर के अन्तर्गत ग्राम सभा इछौरा में आराजी संख्या–167 एवं लालापुर के अन्तर्गत ग्राम सभा भमौर में आराजी संख्या–81, घूरपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा भैदपुर में आराजी संख्या–49, 51 एवं बारा के अन्तर्गत ग्राम सभा नीबी क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त चकमार्ग, रास्ते की भूमि पर कब्जे के सम्बंध में प्राप्त 08 शिकायती पत्रों पर कार्यवाही करते हुए मौके पर जाकर उभयपक्षों को सुनकर नियमानुसार प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।

तहसील फूलपुर

तहसीलदार फूलपुर ने थाना दिवस में शिकायतकर्ता सुभम यादव, सूरज मिश्रा, ग्राम प्रधान सहसों विष्णु जायसवाल एवं विजय की शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समाधान सुनिश्चित कराया।

तहसील करछना

उपजिलाधिकारी करछना ने थाना दिवस में शिकायतकर्ता सुधाकर शुक्ल–चकमार्ग के सीमांकन, देवराज चौरसिया–चकमार्ग के सीमांकन, पीयूष कुमार दुबे–चकमार्ग के सीमांकन, कृष्ण कुमार–तालाब की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने एवं जगदम्बा यादव के द्वारा नाली का सीमांकन किये जाने से सम्बंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया गया।

तहसील सोरांव

तहसीलदार सोरांव के द्वारा थाना समाधान दिवस में तहसील सोरांव क्षेत्रान्तर्गत सोनू मौर्या–नवीन परती के सीमांकन कर अवैध कब्जा हटवाने, मनोज कुमार–आबादी श्रेणी 6(2) की भूमि पर बने मकान को हटवाने, अनीता देवी–प्रधानमंत्री आवास के सम्बंध में, गीता देवी–आबादी श्रेणी 6(2) की भूमि पर बने मकान के गिरने से रास्ता बाधित होने, अरूण कुमार पटेल–चर्क मार्ग की पैमाईश, ताहिर अली–आबादी भूमि पर अवैध कब्जे एवं सदाकान्त पटेल के द्वारा आपसी रास्ते से सम्बंधित शिकायती पत्रों पर जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की गयी तथा शिकायतों का समाधान किया गया।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज, 57 नमूने मानकों पर खरे नहीं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मंडलायुक्त प्रयागराज एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश तथा जिलाधिकारी प्रयागराज के मार्गदर्शन में जनपद में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से अगस्त 2026 तक कुल 1598 निरीक्षण और 284 छापे मारे गए तथा 287 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

अगस्त माह में 468 निरीक्षण एवं 111 छापों के दौरान 111 नमूने लिए गए। अब तक प्राप्त 136 जांच रिपोर्टों में 46 नमूने अधोमानक और 11 असुरक्षित पाए गए। इस तरह कुल 57 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इन मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के तहत अभियोजन की कार्रवाई जारी है।

अभियोजन के तहत अगस्त में एडीएम न्यायालय में नौ और न्यायिक न्यायालय में नौ वाद दायर किए गए। अब तक एडीएम न्यायालय में 257 और न्यायिक न्यायालय में 38 समेत कुल 295 वाद दायर हो चुके हैं। एडीएम न्यायालय ने अगस्त में 40 सहित अब तक 145 वादों का निर्णय किया है। दोषी खाद्य कारोबारियों पर अगस्त में 33.15 लाख रुपये तथा अब तक कुल 1.0845 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। विभाग ने सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

# 2027 में महानगर की तीनों सीटों पर लहराना है विजय का परचम : राकेश त्रिवेदी

### देश की एकता अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा ने किया त्याग : राकेश त्रिवेदी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा प्रयागराज महानगर के नवनियुक्त जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी के प्रथम नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत अभिनंदन किया। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला प्रभारी को अंग वस्त्र व माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा देश की एकता अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जो त्याग बलिदान किया है ऐसा त्याग बलिदान अन्य किसी भी राजनीतिक दल ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि बहुत संघर्षों के



बाद राष्ट्रवादी वैचारिक संगठन को राष्ट्रीय एकता, अखंडता व भारतीय सभ्यता संस्कृति के प्रति काम करने के लिए देश की जनता ने मजबूत जनादेश दिया है। भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। 2027 में हमें प्रयागराज महानगर की तीनों विधानसभा सीटों पर कमल का परचम लहराना है ऐसा लक्ष्य लेजर हमें चलना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महामनिषियों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां चलवाई उन्हें राम जन्मभूमि के बारे में बोलने का कोई हक नहीं। कार्यकर्ताओं से जिला प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। हम सब साथ मिलकर 20247 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का उद्देश्य लेकर 2027 के चुनाव में उतरेंगे। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। बूथ समितियों से लगातार संपर्क में रहें पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता। जनता तक डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम संचालन जिला मंत्री अजय सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दीप द्विवेदी ने दिया। महापौर गणेश केसरवानी, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, आनंद सोनकर, शशि वार्ष्णेय, राजेंद्र मिश्र, रमेश पासी, डॉ शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, कंचनलता कुशवाहा, वंदना सिंह, शिखा रस्तोगी, रीता सिंह, आभा सिंह, राजेश गोंड, नवाब खान, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, सुजीत कुशवाहा, प्रिया कैथवास, दुर्गेश नंदिनी, मोहित गुप्ता आनंद दुबे, मनु चावला आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देईमऊ का शमशान घाट बदहाल, झाड़ियों में गुम हुई अंतिम यात्रा की राह

## न रास्ता दुरुस्त, न सफाई और न पेयजल की व्यवस्था, जर्जर शौचालय से भी लोग परेशान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर फतेहपुर। असोथर विकासखंड क्षेत्र की ग्रामसभा घाटमपुर के मजरे देईमऊ में बना शमशान घाट इन दिनों बदहाली का शिकार है। लंबे समय से साफ–सफाई न होने के कारण परिसर में जगह–जगह झाड़ियां और घास–फूस उग आई है। हालत यह है कि श्मशान घाट परिसर जंगल में तब्दील नजर आ रहा है। वहीं यहां तक पहुंचने वाला रास्ता भी बदहाल है। इससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर आने–जाने में परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि शमशान घाट की लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई है। शमशान परिसर में घनी झाड़ियों के बीच जहरीले जीव–जंतुओं का खतरा बना रहता है। बारिश के दिनों में घास–फूस और कीचड़ के कारण समस्या और बढ़ जाती है। इसके बावजूद पंचायत स्तर से नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं की जा रही है। शमशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता है। परिसर में बना शौचालय भी रखरखाव के अभाव में बदहाल है। शौचालय के आसपास झाड़ियां उगने से उसका इस्तेमाल करना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक सुविधा की नियमित सफाई और रखरखाव बेहद जरूरी है। अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों से तत्काल सफाई कराने, झाड़ियों की कटाई, पहुंच मार्ग की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और शौचालय की सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं तो अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें इसी तरह परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### क्या बोले जिम्मेदार

मीडिया के माध्यम से शमशान घाट का मामला संज्ञान में आया है, इस मामले की अतिशीघ्र जांच कराई जाएगी। जांच के बाद शमशान घाट की सफाई समेत अन्य आवश्यक कार्य जल्द ही कराए जाएंगे।

रत्नाकर त्रिपाठी,
खंड विकास अधिकारी, असोथर

# 7 करोड़ के नए भवन से मजबूत होगी कोहडौर की पुलिसिंग, DM-SP ने किया उद्घाटन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जिले में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में शनिवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। दोपहर 12:30 बजे कोहडौर थाने के नवनिर्मित भवन का



जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से दो वर्षों में तैयार किए गए इस भवन में पुलिसकर्मियों के साथ फरियादियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार और बृजनंदन राय समेत पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। नए भवन के तैयार होने के बाद अब तक दूसरे स्थान से संचालित हो रहा कोहडौर थाना यहां से संचालित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि नए भवन से क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। थाने पहुंचने वाले फरियादियों को पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनकी समस्याओं के समाधान में भी सहूलियत होगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन पुलिसकर्मियों के कामकाज को भी बेहतर बनाने में मददगार होगा। जिले में पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए थाना भवनों के निर्माण और सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में इससे पहले दिलीपपुर कोतवाली देहात और लीलापुर थाने के नवनिर्मित भवनों का भी उद्घाटन किया जा चुका है। कोहडौर में नए थाना भवन के शुरू होने को क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# टॉफी का लालच देकर मासूम के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला का आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति उसकी मासूम बच्चियों के साथ टॉफी का लालच देकर अश्लिल हरकत कर रहा था, पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कड़ा धाम पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम पांच बजे के करीब गांव का एक व्यक्ति चार वर्षीय मासूम बेटी व पांच वर्षीय मासूम भांजी को टॉफी का लालच देकर घर में बुलाकर अश्लिल हरकत करने लगा। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को नामजद तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर कड़ा धाम थाना क्षेत्र के बारा हवेली खालसा निवासी रमेश मिश्रा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य जनता की जरूरत और शासन की योजनाओं को जनता के बीच तक पहुंचाना - जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विधानसभा सिराथू के विकास खण्ड कड़ा एवं विधानसभा मंझनपुर के विकास खण्ड सरसवां में सेवा संकल्प अभियान के तहत लगे सात दिवसीय सेवा सेतु शिविर का जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने फीता काट शुभारंभ किया व लगे स्टॉलों का अवलोकन एवं नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन करा कर संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने धात्री महिलाओं को पोषण पोटली एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगन वाड़ी बहनों को आँगन मिलन सेवा का प्रशस्ति पत्र वितरण कर संबोधित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में वंचित न रहे।कोई जरूरतमंद अपनी समस्या लेकर अकेला न महसूस करे।और समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।हमारे देश और प्रदेश में अनेक ऐसी योजनाएं संचालित हैं,जिनका उद्देश्य समाज के गरीब, वंचित, किसान, मजदूर, महिला, युवा, दिव्यांग और जरूरतमंद परिवारों को सहायता और अवसर उपलब्ध कराना है। लेकिन कई बार जानकारी के अभाव,दस्तावेजों की समस्या या प्रक्रिया की कठिनाई के कारण पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाता।किसी गरीब के घर में चूल्हा जलता है तो वह सिर्फ एक परिवार की खुशी ही नहीं वह अंत्योदय की सफलता है।किसी बुजुर्ग को पेंशन का लाभ मिलता है तो वह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं वह सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। किसी किसान को योजना का लाभ




मिलता है तो वह केवल सरकारी सहायता नहीं वह उसके परिश्रम को मजबूती देने का माध्यम है।किसी महिला को किसी योजना का लाभ मिलता है तो वह केवल सुविधा नहीं वह उसके आत्मविश्वास और स्वावलंबन की शक्ति है।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश निषाद,जिला मंत्री नरेंद्र सिंह पटेल,मण्डल अध्यक्ष प्रदीप पटेल,प्रशांत केसरवानी, प्रमोद भार्गव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष तिलक नारायण द्विवेदी,संजय लोधी, हंसराज पटेल,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अकबर सिंह,मण्डल उपाध्यक्ष रामलोटन यादव,संजय पाण्डेय सहित सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# हिसामपुर परसखी में सरकारी भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

### ऊसर भूमि पर किए गए कब्जे को तहसील प्रशासन ने हटवाया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । सिराथू तहसील क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में सिराथू तहसील प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को ऊसर भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। बताया जाता है कि उक्त भूमि पर गांव के दुर्गा प्रसाद पुत्र रामस्वरूप द्वारा अतिक्रमण किया गया था।मामले में उपजिलाधिकारी सिराथू प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच–पड़ताल की और अतिक्रमण हटवाया। प्रशासन की कार्रवाई के बाद भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# हथिया नक्षत्र की बारिश से खरीफ फसलों को नुकसान, रबी के लिए वरदान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। हथिया नक्षत्र में पिछले कई घंटे से तेज हवा के साथ हो रही झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। लगातार बारिश से खेतों में जलभराव हो गया है और खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंचने लगा है। धान, तिल, ज्वार, बाजरा, उड़द और मूंग की फसल प्रभावित हुई है। वहीं कृषि विशेषज्ञ इस बारिश को आगामी रबी फसलों के लिए फायदेमंद मान रहे हैं।

बारिश और तेज हवा से धान की अगेती फसल खेतों में गिर गई है। किसानों को आशंका है कि तिल की फलियां फटने से दाना खेतों में बिखर सकता है और अधिक नमी के कारण दाना काला पड़ने का खतरा है। ज्वार–बाजरा की फसल भी गिर रही है, जिससे बालियों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से सरसों, चना, आलू और मटर की अगेती बुवाई प्रभावित हो सकती है। किसानों के अनुसार खेतों की तैयारी में देरी होने से रबी फसलों की बुवाई 15 से 20 दिन तक पिछड़ने की संभावना है। हालांकि, कृषि विशेषज्ञों के अनुसार हथिया नक्षत्र की बारिश को किसानों के लिए लाभकारी माना जाता है। बारिश की नमी जमीन में गहराई तक पहुंचकर लंबे समय तक बनी रहती है, जिससे गेहूं, चना, सरसों और मसूर की बुवाई में सिंचाई यानी



पलेवा की जरूरत कम हो सकती है। इससे रबी फसलों को शुरुआती नमी मिलने के साथ पैदावार में भी लाभ की उम्मीद रहती है। गन्ने के लिए भी यह बारिश उपयोगी मानी जा रही है, जबकि खरीफ की अरहर में दाना मजबूत होने की संभावना है। ग्रामीण अंचल में प्रचलित कहावत हैकृ "हथिया में पानी बरसे, तो अन्न के भंडार भरें।"

# ऐरायां और विजयीपुर में सेवा शिविर, 3424 लाभार्थियों ने लिया हिस्सा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सेवा सेतु अभियान के तहत ऐरायां और विजयीपुर विकासखंडों में 22 से 26 सितंबर तक बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त किए। विजयीपुर में करीब 1705 और ऐरायां में 1719 लाभार्थियों ने शिविर में सहभागिता की। आवास, शौचालय और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों की विशेष सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया। आयोजन में खंड विकास अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहयोग किया। बीडीओ ऐरायां अशोक सिंह और बीडीओ विजयीपुर जयप्रकाश की देखरेख में शिविरों का आयोजन और समापन कराया गया।

# करंट की जद में आने से इलाज के दौरान अधेड की मौत

### विजिलेंस टीम के पहुंचने से खम्भे से तार निकालते समय करंट की जद में आने से हुआ हादसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब बोलरो सवार विजिलेंस टीम को देख एक अधेड बिजली का खंभे से तार निकालने लगा और एक तार छू जाने से बुरी तरह झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं चार रसूलपुर मढ़ीयामई निवासी इंद्राज पुत्र बच्चा 42 वर्ष मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था, प्रत्यदर्शियों की माने तो शनिवार की सुबह सात बजे के करीब बोलेरो सवार विजिलेंस टीम जांच करने मोहल्ले पहुंची तो इंद्राज आनन फानन में बिजली के खंभे में लगे तार को निकालने लगा इस दौरान एक तार खम्बे में फंस गया और दूसरी तार इंद्राज को छू गई जिससे इंद्राज करंट की जद में आने से झुलस गया। इस दौरान बोलेरो सवार विजिलेंस टीम मौके से फरार हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वही घरवालों ने देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने रेफर कर दिया जिसके बाद घरवाले सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इंद्राज को मृत घोषित कर दिया, अधेड की मौत की खबर पर घर परिवार में रोना पीटना मच गया। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्री है।

# बारिश में कच्चा मकान ढहा, बेघर हुआ परिवार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। लगातार हो रही बारिश के बीच असोथर नगर पंचायत के वार्ड नंबर–3 में शनिवार को श्रवण कुमार पुत्र रामकिशुन कोरी का कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। हादसे में परिवार बाल–बाल बच गया, लेकिन मकान गिरने से गृहस्थी का सामान प्रभावित हो गया और परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। बताया गया कि बारिश के कारण मकान की दीवारें और छत पहले से कमजोर हो गई थीं। शनिवार को अचानक मकान का एक हिस्सा गिरा और देखते ही देखते पूरा कच्चा मकान जमींदोज हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित के अनुसार मकान गिरने की सूचना जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक राजस्व विभाग की ओर से कोई अधिकारी या लेखपाल मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के नुकसान का स्थलीय आकलन कराकर नियमानुसार राहत एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र के अन्य जर्जर और कच्चे मकानों का सर्वे कराने की भी मांग उठाई है।

# अनंत भुवनेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बिंदकी/फतेहपुर। कस्बे के प्रसिद्ध श्री अनंत भुवनेश्वर महादेव मंदिर में प्रदोष पर्व पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया। आचार्य केके पांडेय के नेतृत्व में आचार्यों ने मुख्य यजमान प्रीति मिश्रा और चौकी इंचार्ज अविनाश मिश्रा की मौजूदगी में विधि–विधान से पूजन कराया। शाम को हुई आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भजन–कीर्तन से मंदिर परिसर देर तक भक्तिमय बना रहा। मंदिर प्रबंधक उमेश त्रिवेदी ने आयोजन में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों का आभार जताया। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों, पुलिसकर्मियों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर राजकीय महाविद्यालय सिराथू में भाषण व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । राजकीय महाविद्यालय सिराथू में शनिवार को सेवा संकल्प कार्य योजना" के तहत महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. संजय प्रसाद शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया।भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर के अनिरुद्ध पटेल ने प्रथम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के हर्षित तिवारी ने द्वितीय और बीए प्रथम सेमेस्टर के गजेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की संजन प्रथम, आर्यन पाल द्वितीय तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की अन्या केशरवानी तृतीय स्थान पर रहीं।इस अवसर पर शिक्षकों ने व्यक्तिगत स्वच्छता, महिला स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली




से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. संजय प्रसाद शर्मा ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध अच्छे स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और स्वस्थ समाज से है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से घर, महाविद्यालय और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर उत्तम कुमार शुक्ला ने किया। इस दौरान प्रो. मीरा पाल, प्रो. स्मिता पाल, प्रो. संदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर इंगलेश भारतीय, डॉ. विकास चंद्र, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. नमन कृष्ण, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. विपुल सिंह, महावीर, जय प्रकाश सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# तहसील में महीनों से डंप जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, भटक रहे आवेदक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदकों को तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आरोप है कि ब्लॉक और नगर पंचायतों से भेजे गए सैकड़ों आवेदन तहसील में महीनों से लंबित पड़े हैं। संबंधित प्रक्रिया पूरी कर प्रमाण पत्र विभागों को भेजे जाने में लगातार देरी हो रही है। जानकारी के अनुसार आकांक्षी ब्लॉक हथगाम से अप्रैल से अब तक भेजे गए 736 जन्म और 116 मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील स्तर पर लंबित बताए जा रहे हैं। वहीं हाल में 105 प्रमाण पत्र तहसील से वापस कर दिए गए, जिन्हें संबंधित विभागों ने प्राप्त नहीं किया। बताया जा रहा है कि बीच–बीच में 10–20 प्रमाण पत्र ही संबंधित विभागों को भेजे जा रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में प्रमाण पत्र तहसील में ही पड़े हैं। आवेदकों का कहना है कि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहले से ही कई दस्तावेज जुटाने पड़ते हैं। इसके बाद तहसील स्तर पर प्रक्रिया पूरी होने में महीनों लगने से उन्हें बार–बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लोगों ने लंबित प्रमाण पत्रों का शीघ्र निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

# भवन निर्माण रोकने के विरोध में महिलाओं ने लगाया जाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बिंदकी/फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली कस्बे में शनिवार को भवन निर्माण रोके जाने के विरोध में महिलाओं ने जहानाबाद–फतेहपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। एक महिला हाथ में ईंट लेकर सड़क पर बैठ गई और निर्माण की अनुमति न मिलने पर सिर फोड़ लेने की धमकी देने लगी। करीब एक घंटे तक हंगामे से आवागमन बाधित रहा। अमौली निवासी पूजा का आरोप है कि पड़ोसी के विरोध के चलते प्रशासन उसके अर्धनिर्मित मकान का निर्माण रुकवा देता है। इसी से नाराज होकर वह परिवार की अन्य महिलाओं के साथ सड़क पर बैठ गई और जिलाधिकारी के मौके पर पहुंचकर निर्माण स्थल का निरीक्षण करने की मांग की। सूचना पर अमौली चौकी इंचार्ज अविनाश मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे और महिलाओं को समझाया। बातचीत के बाद महिला ने ईंट फेंक दी और जाम खोल दिया। पुलिस महिलाओं को चौकी ले गई। करीब एक घंटे बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हुआ। पुलिस दोनों पक्षों से मामले की जानकारी जुटा रही है।

# यूपी बंटवारा और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता 2027 में चुनौती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के कोआर्डिनेटर मिस्बाहुल हक ने 2027 विधानसभा चुनाव के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के संभावित बंटवारे और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में बांटने की बात सामने आने के बाद इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दलों की राजनीति में पिछड़े और अतिपिछड़े वर्गों के सामाजिक–आर्थिक अधिकार तथा संस्थानों में भागीदारी जैसे मुद्दों पर भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय की मांग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ना पर्याप्त नहीं है। मिस्बाहुल हक ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण और डाटा प्रबंधन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में प्रत्येक मतदाता के अधिकार और वोट की महत्ता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन की कार्यशैली का उल्लेख करते हुए चुनाव आयोग में संस्थागत पारदर्शिता और निष्पक्षता मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

## डानी पावर प्लांट में 300 श्रमिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर –02 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के निरन्तर सेवाकाल की



जन–कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को श्विकसित भारत–2047श के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग की कार्ययोजना के अंतर्गत आज निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण कार्यक्रम श्डानी पावरश् मीरजापुर थर्मल यूपी पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड परिसर में आयोजित कराया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत थर्मल पावर प्रोजेक्ट के 300 से अधिक श्रमिकों का निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण एवं दवा वितरण कराया गया। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार सहित श्रमिकगण व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मड़िहान विधायक ने अधिवक्ता कक्ष भवन का किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शनिवार को तहसील मड़िहान, विधानसभा मड़िहान



के प्रांगण में अधिवक्ता कक्ष भवन के निर्माण हेतु तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। जिसको लेकर आज पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अपनी विधायक निधि से 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अधिवक्ता कक्ष भवन के निर्माण हेतु विधि–विधान से पूजा–पाठ कर भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने अधिवक्ताओं को बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, संरक्षक रामधनी सिंह, संजय त्रिपाठी, कुंजबिहारी सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, सुनीलदत्त सिंह, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त परिषद की बैठक में 2 जीबी डेटा रिचार्ज 200 रुपये तक करने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। रामबाग संघ भवन शाखा में संयुक्त परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष मोहनलाल यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक



में महंगाई, शिक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की समस्याओं और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष मोहनलाल यादव ने मोबाइल रिचार्ज की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए 2 जीबी डेटा वाले 28 दिन के रिचार्ज की कीमत कम करने की मांग की। उन्होंने कर्मचारियों के समय से एसीपी, इंक्रीमेंट और पदोन्नति किए जाने की मांग भी रखी। महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने प्रमुख सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कथित भ्रष्टाचार और विद्यार्थियों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। उन्होंने परीक्षा परिणाम, बैक पेपर और री–चेकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग की। पूर्वांचल विश्वविद्यालय और जगतपुर पीजी कॉलेज से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान धर्मेंद्र पांडे ने विश्व स्तर पर शांति और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विश्व संविधान दिवस की स्थापना का सुझाव दिया। बैठक में मोहनलाल यादव, बबलू खान, श्यामलाल यादव, धर्मेंद्र पांडे, शाह आलम, डॉ. पीसी गौतम, अतुल गुप्ता, अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया

### सिविल जज विजय रतन गौतम ने बच्चों को पास्को एक्ट के बारे में जानकारी दी





देवा सरकार | प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली के द्वारा तहसील विधिक सेवा समिति तहसील चकिया के तत्वाधान में नगर के आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में बच्चों को संरक्षण संबंधित कानून के बारे में कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में चकिया सिविल जज विजय रतन गौतम व आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नागेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सिविल जज विजय रतन गौतम ने कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को जागरुक करते हुए पास्को एक्ट संबंधित कानूनी प्रक्रिया पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक गण व चकिया एवं नौगढ़ के समस्त पी एल वी राजकुमारी, अभिषेक, रवि, दिनेश, रामचंद्र, गुरुचरन, गोरखनाथ, श्यामलाल, चकिया कोतवाल संजय सिंह तथा कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील मौर्य व विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# सनातन धर्म, तपस्या, समाज सेवा और नारी शक्ति के संघर्ष की कहानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

डालाःसोनभद्र। श्री बालाजी महाराज फिल्म प्रेजेंट निर्देशक ए के गुप्ता आस्था, शक्ति, संस्कार, समर्पण एक प्रेरणादायक कहानी त्यया, तपस्या और समाज सेवा की महामंडलेश्वर (जिला सोनभद्र) हिन्दी शॉर्ट फिल्म ग्रैंड रीलीजिंग मुहूर्त स्थान एसएसएस होटल डाला वैष्णो मंदिर के बगल में सम्पन्न हुआ।



गौरतलब है कि निर्मित हिन्दी शॉर्ट फिल्म ष्महामंडलेश्वरश् (जिला सोनभद्र) का भव्य मुहूर्त एवं प्रीमियर प्रदर्शन एसएसएस होटल, डाला वैष्णो मंदिर के बगल में आयोजित किया गया।यह फिल्म सनातन धर्म, तपस्या, समाज सेवा और नारी शक्ति के संघर्ष एवं प्रेरणा की एक सच्ची तथा प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है।

श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सरितानंद गिरि निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार पूर्वांचल मीडिया क्लब के अध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।महामंडलेश्वर सोनभद्र, हिंदी शॉर्ट फिल्म ग्रांड रिलीजिंग मुहूर्त के अवशर पर एसएसएस होटल डाला में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सरितानन्द गिरी (निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार) ने सबका आभार व्यक्त किया।

इस विशेष अवसर पर थानाध्यक्ष चोपन गोपाल गुप्ता, डाला चौकी इंचार्ज, बभनी ब्लाक प्रमुख प्रतिनीधि राजन सिंह, मनोज तिवारी, संजय श्रीवास्तव, मनोज सिंह राणा, शशी चौबे, पूर्वांचल मीडिया क्लब अध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, अशोक कन्नौजीया, बिन्दु गिरी, साधना पाण्डेय, सुमन पटेल सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हरीशचंद्र पीजी कॉलेज में आईआईटी JAM 2027 पर विशेष सत्र का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राओं के लिए श्आईआईटी श्र इ 2027श परीक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भौतिकी, रसायन, गणित, प्राणि विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान विभाग में अध्ययनरत स्नातक (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी बीएचयू (प्प्ज्–ठभ्न्) के विशेषज्ञों ने शिरकत की। आईआईटी बीएचयू के रसायन विभाग से प्रो. धनेश तिवारी तथा भौतिकी विभाग से डॉ. कुलदीप वर्मा और डॉ. सोमनाथ नाथ ने उपस्थित छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

विशेषज्ञों ने आईआईटी श्र इ के माध्यम से विभिन्न विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया, परीक्षा की तैयारी के सटीक तरीके और इसके जरिए मिलने वाले सुनहरे अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस महत्वपूर्ण सत्र में 120 से अधिक छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर लाभ उठाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन भौतिकी विभाग के डॉ. सूर्य प्रताप द्वारा किया गया। इस दौरान भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद कुमार द्विवेदी, डॉ. दर्शन शर्मा, डॉ. प्रकाश गुप्ता, डॉ. राहुल रंजन एवं डॉ. सूर्य प्रताप ने भी आईआईटी जैम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों



के साथ परिचर्चा की तथा उनके सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर प्रो. बिरेंद्र कुमार निर्मल, प्रो. संजय श्रीवास्तव, प्रो. संगीता श्रीवास्तव, प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. राकेश मणि मिश्रा, तथा डॉ. सर्वतेज मौर्या भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में, भौतिकी विभाग की ओर से इस सफल और छात्रोपयोगी कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति देने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके कुशल निर्देशन में इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सके।

# अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली के अलर्ट पर स्कूल बंद, डीएम ने जारी की एडवाइजरी

### तेज हवाओं और गरज-चमक के दौरान घरों में सुरक्षित रहने की अपील, आपदा की स्थिति में 1077 पर करें सूचना

डॉ0 रईस अहमद उस्मानी प्रातः काल एक्सप्रेस लखीमपुर–खीरी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर–खीरी, 26 सितंबर। मौसम विभाग की ओर से जनपद में अतिवृष्टि, तेज हवाओं और आकाशीय बिजली को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके दृष्टिगत प्री–प्राइमरी से कक्षा–12 तक के सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनसामान्य से मौसम खराब रहने के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

डीएम ने कहा कि अतिआवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकलें और पक्के व सुरक्षित मकानों में ही रहें। विद्युत पोल एवं तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। कच्चे व जर्जर मकानों के आसपास अथवा उनमें निवास न करें। जलभराव वाले क्षेत्रों में भी सावधानी बरतें तथा सर्प एवं अन्य विषैले जीव–जंतुओं से सतर्क रहें। आकाशीय बिजली से बचाव के लिए खुले मैदान, खेत, पेड़, बिजली के खंभों अथवा अन्य ऊंची वस्तुओं के नीचे खड़े न हों। गरज–चमक के दौरान यथासंभव पक्के मकान में सुरक्षित रहें।

डीएम ने बताया कि जलभराव अथवा किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी या क्षेत्रीय लेखपाल से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। किसी भी आकस्मिकता या आपदा राहत की आवश्यकता होने पर कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1077, फोन 05872–298410 ध्412865 तथा मोबाइल 9454416588 पर तत्काल सूचना दें।

# उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद लखीमपुर खीरी का अधिवेशन संपन्न

### अनिल कुमार महामंत्री व महेश बाबू जिलाध्यक्ष चुने गए

डॉ0रईस अहमद उस्मानी। प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर–खीरी 25 सितम्बर, पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा लखीमपुर–खीरी की बैठक संपन्न हुई। बैठक एजन्डा के अनुसार समस्त पैहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। लघु सिंचाई विभाग द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के देयकों का समयबद्ध तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, इस हेतु परिषद विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर, अपनी शिकायत दर्ज कराए गी। भोजनोपरान्त के बाद में, निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई गई। निर्वाचन की प्रक्रिया, प्रांतीय पदाधिकारी डा०रईस अहमद उस्मानी की देखरेख में सम्पन्न हुई। जिस में सर्वसम्मति से महेश बाबू को जिलाध्यक्ष एवं अनिल कुमार राज जी को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। परिषद के अन्य पदों में, गौतम सिंह को विकास भवन अध्यक्ष, विमलेश कुमार राज को विकास भवन मंत्री, राम सहायं को जिला सैंयुक्त मंत्री, दशरथ लाल को जिला संगठन मंत्री, सुरजीत कुमार को जिला उपाध्यक्ष, एवं कौशल किशोर को जिला सांस्कृतिक मंत्री चुना गया।




## तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने रखी नींव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सिटी कोतवाली के सामने प्रस्तावित तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने विधिवत पूजन–अर्चन कर शुभारंभ किया।बता दे प्रस्तावित शॉपिंग



कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकंड फ्लोर पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा।इस मौके पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बन जाने के बाद नगरवासियों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार के आवश्यक सामान उपलब्ध हो सकेंगे।इससे लोगों को खरीदारी के लिए अलग–अलग स्थानों पर जाने की जरूरत कम होगी और नगर में व्यवस्थित बाजार की सुविधा भी मिलेगी।उन्होंने कहा कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण पूरा होने के बाद यहां विभिन्न प्रकार की दुकानें संचालित होंगी, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।आज इसकी विधिवत पूजन अर्चन के बाद नीव रखी गई है, निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने पर भी जोर दिया गया है।जिससे नगर जनता इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लाभ उठा सकेगी।इस मौके पर नगर पालिका के सभासद दुर्गा प्रसाद यादव,सभासदपति किशन कसेरा,सीएडीसीएस उत्तर प्रदेश जलनिगम, ठेकेदार रविंद्र कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविद चौधरी के निधन पर सपा में शोक की लहर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की



अध्यक्षता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का जाना पीड़ादायक है समाजवादी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़ों, दलितों, शोषितों और गरीबों की आवाज को बुलंद करने में समर्पित कर दिया। और शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दो मिनट का मौन रखकर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह पटेल, आदर्श यादव, झल्लू यादव, अभय यादव, छविनाथ विश्वकर्मा, मण्डेला यादव, रवि सोनकर, बृजलाल मौर्या, मेवालाल प्रजापति, रमाकांत यादव आदि मौजूद रहें।

## भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक,सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही में मिशन शक्ति फेज–5 के दूसरे चरण में पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। एसपी अभिनव त्यागी और एएसपी शुभम अग्रवाल के निर्देश पर यह



अभियान चला। सैकड़ों महिलाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों व अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हें महिला हेल्पलाइन (181), शक्ति लाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), इमरजेंसी (112) और पुलिस कंट्रोल रूम (1076) जैसे नंबरों की जानकारी दी गई। UPCOP ऐप से पुलिस सेवाओं का लाभ उठाने और साइबर अपराधों (फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल) से बचने के तरीके भी बताए गए। UPCOP, दहेज निषेध, घरेलू हिंसा और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी गई। यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार चल रहा है। भदोही पुलिस ने अपील की, किसी भी असुरक्षा या अपराध में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# यूपी बनेगा देश का नंबर-1 टेक्नोलॉजी हब- जितिन प्रसाद

## डबल इंजन सरकार के समन्वय से तेज हो रहा बदलाव

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी केवल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का केंद्र बनने तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि एआई, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश का अगला ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। यह बात केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने यूपीज जर्नी फ्रॉम इलेक्ट्रॉनिक्स लीडर टू एआई एंड सेमीकंडक्टर पावरहाउस' सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश और दुनिया में निवेश की चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से लिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख हब बनाना है और इसके लिए राज्य में तेजी से जरूरी इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय वाली डबल इंजन सरकार इस बदलाव को गति दे रही है। टेक्नोलॉजी और ट्रेड देश की विकास यात्रा के दो महत्वपूर्ण इंजन हैं और उत्तर प्रदेश इनके माध्यम से नई ऊंचाइयों को हासिल कर सकता है। प्रयास केवल नोएडा तक निवेश सीमित रखने का नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नोलॉजी के अवसर पैदा करने का है। इसका सीधा लाभ राज्य के युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सैमसंग और




योटा जैसे बड़े निवेश, डाटा सेंटर्स, एआई लैब्स तथा टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में बन रहे नए इकोसिस्टम की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। सरकार का प्रयास है कि राज्य में डिजाइन से लेकर सेमीकंडक्टर कॉम्पोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट तक पूरी वैल्यू चेन विकसित हो। भारत अब केवल उत्पादों की असेंबली करने वाला देश नहीं रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम जैसी पहल के जरिए देश कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने उद्योग जगत को स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी प्रोत्साहन और सब्सिडी विकास को गति देने का माध्यम हैं, लेकिन उद्योगों की दीर्घकालिक सफलता उनकी अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर निर्भर करेगी। सरकार जमीन, नीतियां, मंजूरियां और सुविधाएं उपलब्ध करा सकती है, लेकिन उद्योगों को अंततः कॉम्पिटेटिव और सेल्फ सस्टेनिंग बनना होगा।उन्होंने युवाओं को एआई इनोवेटर्स, रिसचर्स और एडॉप्टर्स के रूप में तैयार करने की जरूरत बताई।

## योगी ने दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात, कई अहम राजनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए उनके आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग गए। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री के साथ सीएम योगी की मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। बताया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर प्रदेश से जुड़े कई अहम राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत हुई। अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान, योगी आदित्यनाथ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। यह दौरा योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 में शामिल होने के एक दिन बाद हो रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री ने रूस, वियतनाम, बेलारूस, जापान, सिंगापुर और अन्य सहयोगी देशों की कंपनियों के साथ एक राउंड–टेबल बैठक की और उन्हें उत्तर प्रदेश के डिफेंस, फार्मास्यूटिकल्स, एविएशन, मेडिकल डिवाइस, कृषि और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

## सवर्ण नहीं दलित होंगे विधानसभा चुनाव में निर्णायक

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी असेम्बली इलेक्शन बाबत सियासी पार्टियों ने अपनी–अपनी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सभी राजनीतिक दांव–पेंच लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस दफा सवर्ण नही दलित वर्ग निर्णायक भूमिका में होगा। इस लिहाज से 2027 के विधानसभा चुनाव में सबकी नजर दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक पर है। प्रदेश में करीब 21 फीसदी दलित मतदाता हैं और अनुसूचित जाति के लिए 84 सीटें आरक्षित हैं। दलित मतदाताओं के भरोसे के लिए सपा लाल से नीले रंग की तरफ बढ़ी तो कांग्रेस ने राजेंद्र पाल गौतम को प्रदेश का प्रभारी बनाकर दलित मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की है। लोग मान रहे हैं कि बसपा के प्रति दलित मतदाताओं का भरोसा अब पूर्ववत नही रहा। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को 65 फीसदी दलित वोट मिला था। 2024 के लोकसभा चुनाव में घटकर 44 प्रतिशत रह गया। पिछले दो वर्षों में बसपा के प्रति दलितों का भरोसा और कमजोर हुआ है। आरक्षण के खिलाफ सवर्ण समाज में उठती आवाज और आरक्षित सीट पर नियुक्तियां न करने के विपक्षी आरोप सहित कई अन्य मुद्दों पर दलित भाजपा के साथ बहुत सहज नहीं है। कांग्रेस और सपा इसमें सियासी फायदा तलाश रही हैं।लोकनीति सीएसडीएस के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा के प्रति भी दलित समर्थन बढ़ा है।विधानसभा में भाजपा को 21 प्रतिशत दलित वोट मिलालोकसभा में यह बढ़कर 24 फीसदी हो गया। दलित मतों में विभाजन का नुकसान बसपा को हुआ।दलित, अति पिछड़ा मतदाता सपा पर अकेले भरोसा करने के बजाय कांग्रेस के साथ उसके गठबंधन पर ज्यादा यकीन करता है। कांग्रेसी विचारधारा के लोग मानते हैं कि कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ते हैं, तो 2024 की तरह 2027 में भी दलित गठबंधन को वोट करेंगे। अति पिछड़ा वर्ग भी कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा की तरफ लौट सकता है। इसलिए दलितों और ओबीसी मतदाताओं को पटाने की विपक्षी पार्टियों के साथ ही सत्तारूढ़ दल बीजेपी भी पुरजोर कोशिश कर रही हैं।

## चला गया जेपी की फौज का खास सिपाही

### चुनाव जीतना है, अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाना है

लखनऊ (संवाददाता)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधानसभा और आठ बार विधायक रहे राम गोविंद चौधरी ने शुक्रवार की रात पीजीआई लखनऊ में अंतिम सांस ली। कुछ महीने पहले तबीयत खराब होने पर चौधरी को हालचाल लेने के लिए अखिलेश यादव अस्पताल गए थे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 26/45 दिनांक : 25.09.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 63255691 | मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ बोल्ट्स एण्ड नट्स ऑफ 25 एमएम डाया ऑफ वेरियस साइजेस ऐज पर स्पेसिफिकेशन आईआरएस-टी-23-2021 विथ लेटेस्ट एमेंडमेन्ट | 152.48 एमटी. | 09-NOV-26 |
| 2 | 80265016 | सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग | 1236 सेट एवं 25 नग | 28.10.2026 |
| 3 | 30264292 | बैटरी बॉक्स | 415 नग | 21.10.2026 |
| 4 | 30262820A | फुट स्टेप कम्पलीट | 1593 नग | 01.12.2026 |
| 5 | 70254301डी | विंटर जैकेट | 5496 नग | 19.10.2026 |
| 6 | 40263203 | लेड एसिड बैटरी 8V 500AH | 527 नग | 27.10.2026 |

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 2192/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## वरुण गांधी के बहुरेंगे दिन, जायेंगे राज्यसभा !

### कई दिग्गजो का भी पहुंच सकते उच्च सदन

लखनऊ (संवाददाता)। भाजपा यूपी में नए समीकरणों और संदेशों के जरिए ताकत बढ़ाने में जुटी है।बीजेपी ने राज्यसभा एवं विधान परिषद में प्रभावी औरजातीय समीकरणों पर खरे उतरने वाले चेहरों पर मंथन किया है।चर्चा है कि पूर्व सांसद वरुण गांधी को भाजपा उच्च सदन भेजकर मोदी मंत्रिमंडल में शामिल करने का रास्ता साफ कर सकती है।पार्टी ने राज्यसभा एवं विधान परिषद चुनाव को भी लोकसभा की तरह गंभीरता से लड़ने की बात कहकर विरोधी दलों को संदेश दे दिया कि मिशन–2027 में कोई चूक नहीं की जाएगी।वरुण भाजपा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहने के साथ 2009 में सुलतानपुर एवं 2019 में पीलीभीत से सांसद रह चुके हैं लेकिन पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में उनकी मां मेनका गांधी को तो सुलतानपुर से चुनाव लड़ाया लेकिन कई अवसरों पर पार्टी की नीतियों की आलोचना करने की वजह से वरुण को तीसरी बार टिकट नहीं मिला। दो साल से ज्यादा समय से राजनीति से दूर वरुण मार्च में परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले थे। उन्होंने मोदी के लिए कहा था कि उनसे अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव मिला। तभी से कयास लग रहा है कि भाजपा में उन्हें तवज्जो मिल सकती है। पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं 2018 से 2024 तक राज्यसभा सदस्य रहे अनिल जैन का नाम रेस में है।पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों के बीच समीकरण मजबूत करने के लिए पार्टी पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह एवं संजीव बालियान में किसी को अवसर दे सकती है। ब्राह्मणों के बीच पैठ के लिए राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के अलावा मथुरा के विधायक एवं हिमाचल के प्रभारी श्रीकांत शर्मा का नाम भी चल रहा है। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा लोध विरादरी से आते हैं, जिनको जातीय समीकरण के तहत फिर उच्च सदन भेजा जा सकता है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल की भी दावेदार है।अनुसूचित वर्ग में पार्टी जुगल किशोर, पूर्व सांसद विद्या सागर सोनकर के साथ ही प्रदेश मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया समेत कई अन्य नामों को मथ रही है। संख्याबल के आधार पर भाजपा दस में सात सीटें आसानी से जीतेगी लेकिन आठवीं सीट के लिए भाजपा को सुभासपा की मदद की दरकार होगी।



## भारी बारिश के बीच राहत-बचाव जारी, नेपाल सीमा से सटे जिलों में विशेष निगरानी

### 63 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश के बीच राहत-बचाव तेज

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों से जारी भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते योगी सरकार ने राहत एवं बचाव व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहा है। राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने शनिवार को प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर परिस्थिति में आमजन की जान–माल की सुरक्षा जिलाधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों, विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में नदियों के जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। जिलाधिकारियों को नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने और बाढ़ राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के लिए कहा गया है।भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 36 घंटों के बाद प्रदेश में मौसम सामान्य होने की संभावना है। राहत आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। उन्होंने लोगों से प्रशासन और मौसम विभाग की ओर से जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की। किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए राहत हेल्पलाइन 1070 पर संपर्क किया जा सकता है प्रदेश के 63 जनपदों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में सामान्य से 19 गुना अधिक वर्षा हुई। फर्रुखाबाद में सामान्य से 200 गुना, कानपुर नगर में 160 गुना, कन्नौज, कानपुर देहात और हरदोई में सामान्य से 130 गुना अधिक वर्षा दर्ज की गई है। भदोही, देवरिया और अलीगढ़ में सामान्य वर्षा हुई, जबकि गाजीपुर में सबसे कम बारिश दर्ज की गई। वहीं बागपत, गाजियाबाद, मथुरा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ में वर्षा नहीं हुई।पिछले 48 घंटों में अतिवृष्टि और आंधी–तूफान के कारण प्रदेश में 117 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। जिलाधिकारियों को प्रभावित परिवारों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अनुमन्य सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। भारी बारिश से क्षति का तत्काल सर्वेक्षण, आकलन कराने और प्रभावित लोगों को राहत सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है। जिलाधिकारियों को निर्दे है कि आवश्यकता के अनुसार फायर सर्विस, पीएसी, सिविल डिफेंस, होमगार्ड और आपदा मित्रों की सेवाएं ली जाएं। जिलाधिकारियों को स्वयं फील्ड में रहकर स्थिति का लगातार आकलन करने और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। लेखपालों और ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से कच्चे मकानों के आस–पास जलभराव की स्थिति का तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था के साथ कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर ऐसे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश हैं।

## एसूस का 'बियॉन्ड इनक्रेडिबल विद एसूस' कम्युनिटी इवेंट लखनऊ में, गेमिंग और क्रिएटर एक्सपीरियंस की नई टेक्नोलॉजी हुई पेश

लखनऊ (संवाददाता)। ताइवान की टेक्नोलॉजी कंपनी, एसूस ने अपनी 2026 कम्युनिटी इवेंट सीरीज 'बियॉन्ड इनक्रेडिबल विद एसूस' का लखनऊ एडिशन आयोजित किया। इस इवेंट में ख्ग, क्रिएटर्स, गेमर्स, टेक्नोलॉजी एंथूजियास्ट्स और एसूस के फैंस शामिल हुए। गोमती नगर, लखनऊ के टिक्ल्ड पिंक में हुए इस इवेंट में इनोवेशन, क्रिएटिविटी और नई पीढ़ी की कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी पर फोकस किया गया। लोगों को एसूस के लेटेस्ट प्रोडक्ट्स को करीब से देखने और उन्हें इस्तेमाल करके देखने का मौका भी मिला।एसूस की कम्युनिटी एंगेजमेंट पहल के तहत आयोजित इस इवेंट में कंपनी के लेटेस्ट गेमिंग, क्रिएटर और प्रीमियम कम्प्यूटिंग प्रोडक्ट्स पेश किए गए। इसमें जेनबुक, वीवोबुक, प्रोआर्ट, आरओजी और टीयूएफ गेमिंग सीरीज के प्रोडक्ट्स के हैंड्स–ऑन डेमो दिए गए। इनके जरिए कंटेंट क्रिएशन, एंटरटेनमेंट, गेमिंग और हर दिन के कामों के लिए अलग–अलग प्रोडक्ट्स को करीब से समझने का मौका मिला।इस पहल के बारे में बोलते हुए, अर्नोल्ड सू, वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, एसूस इंडिया ने कहा, "लखनऊ में क्रिएटर्स, गेमर्स और टेक्नोलॉजी एंथूजियास्ट्स की कम्युनिटी काफी मजबूत और तेजी से बढ़ रही है। यहाँ के लोग क्रिएटिव काम, गेमिंग और टेक्नोलॉजी में नए एक्सपीरियंस को पसंद करते हैं। 'बियॉन्ड इनक्रेडिबल विद एसूस' के जरिए हमारा उद्देश्य इन कम्युनिटीज से जुड़ना और उन्हें हमारी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को करीब से देखने और इस्तेमाल करने का मौका देना है। ऐसे इवेंट्स के माध्यम से हमें स्थानीय कम्युनिटी और क्रिएटर्स से सीधे जुड़ने का मौका मिलता है। साथ ही, हम यह भी दिखा सकते हैं कि हमारे प्रोडक्ट्स कंटेंट क्रिएशन, क्रिएटिव काम, गेमिंग और रोजमर्रा की प्रोडक्टिविटी जैसी अलग–अलग जरूरतों में कैसे मदद कर सकते हैं।

## संक्षिप्त

### बारिश के बीच कच्चा मकान गिरा, पिता–बेटा–बेटी मलबे में दबे

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में बारिश के चलते एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान घर के अंदर परिवार के साथ मौजूद पिता मलबे में दब गया। पिता, बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला और मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चौना गांव में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे किसान सुरेश (50) अपने बेटे रजनेश और बेटी सलोनी (18) के साथ कच्चे मकान में बैठे थे। इसी दौरान अचानक मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए मलबा हटाने का काम शुरू किया और तीनों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासन को भी दी गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को पुलिस की गाड़ी से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर तहसील प्रशासन से कानूनगो और क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिजनों से हादसे की जानकारी ली।

### लगातार बारिश से जल निकासी ठप, घरों में भरा पानी

लखनऊ (संवाददाता)। शुक्रवार से जारी बारिश के बीच शनिवार को कई इलाकों में पानी भर गया। रहीमाबाद स्थित चांदपुर गांव में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जल निकासी की सही व्यवस्था न होने से बरसात का पानी दर्जनों घरों में घुस गया है। प्यारेलाल, अमृतलाल, टुनटुन, संदीप, प्रदीप, गोविंद, पुष्पा, मुंशीलाल और अनीता सहित कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। इससे गांव वाले काफी परेशान हैं और ठंड का एहसास भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के नाले साफ नहीं हैं और उन पर अतिक्रमण भी हो गया है। इस वजह से पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है। घरों में दूषित पानी जमा होने से मकानों के अचानक गिरने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या को दूर करने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### ई–रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में ई–रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। ससुरालवालों से विवाद के बाद युवक ने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मड़ियांव में सेमरागौढी निवासी अभिषेक गोस्वामी (22) ई–रिक्शा चलाता था। भाई हिमांशु ने बताया कि शुक्रवार रात काम से लौटा। घर में खाना पीना खाकर अपने कमरे में चला गया। काफी देर बाहर नहीं आया तो परिवार देखने गया। जहां कमरे में फंदे के सहारे लटका मिला। फंदे से लटका देख आनन फानन में उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अभिषेक की एक साल पहले कम्मो से शादी हुई थी। शादी के बाद थोड़ा बहुत झगड़ा होता था। शुक्रवार को किसी बात को लेकर साले आर्यन से विवाद हुआ था। इसके बाद आत्महत्या कर ली। वहीं मामले में पुलिस का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिकायत और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### मंडी निदेशक ने दुबग्गा मंडी का औचक निरीक्षण किया,कराई नालियों की सफाई

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में लगातार हो रही बारिश के बीच मंडी निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को दुबग्गा मंडी का औचक निरीक्षण किया। मंडी परिसर के कुछ हिस्सों में जलभराव मिलने पर उन्होंने मौके पर ही जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराई। अपनी मौजूदगी में नालियों की सफाई कराई, जिसके बाद पानी की निकासी शुरू हो गई। निरीक्षण के दौरान मंडी निदेशक ने नालियों और जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। कुछ जगह नालियों की सफाई ठीक नहीं मिली। इस पर उन्होंने मंडी सचिव को फटकार लगाई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश को देखते हुए मंडी परिसर में जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। जहां पानी जमा होने की आशंका है, वहां पहले से जरूरी इंतजाम किए जाएं। नालियों में कूड़ा और सिल्ट जमा न होने देने के साथ बारिश के दौरान पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने मंडी सचिव को चेतावनी दी कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था में दोबारा लापरवाही मिली तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। सफाई कार्य में लगे ठेकेदार के काम की भी नियमित निगरानी करने और लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। मंडी निदेशक ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान किसानों और व्यापारियों को मंडी में आने–जाने और कारोबार करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जल निकासी और सफाई व्यवस्था लगातार सक्रिय रखी जाए और अधिकारी नियमित रूप से मंडी परिसर का निरीक्षण करते रहें।

### शहीद भगत सिंह जयंती पर 30 सितंबर को लखनऊ में होगा विशेष कार्यक्रम

लखनऊ (संवाददाता)। भारतीय सिख संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह विर्क द्वारा आज यूपी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि शहीद–ए–आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल आयोजित होने वाला विशेष कार्यक्रम इस बार राजधानी लखनऊ में 30 सितंबर 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में आयोजित किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह विर्क ने बताया कि इस संगठन को अपने लोगों की हर तरीके से मदद करने के उद्देश्य से बनाया गया है। 30 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश भर सिख समाज से जुड़ी कई बड़ी हस्तिया शामिल होगी। कार्यक्रम में सिक्ख समाज से जुड़ी विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

# जमीनी विवादों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं, मौके पर पहुंचे राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर, 26 सितम्बर 2026। ग्रामीण अंचलों में कानून-व्यवस्था की सबसे बड़ी जड़ बन रहे भूमि विवादों के त्वरित और पारदर्शी समाधान को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन ने कड़ा रुख दिखाया। बांसी कोतवाली परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की कमान संभालते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मातहतों को दो टूक लहजे में चेताया कि जमीन से जुड़े मामलों को फाइलों में दबाकर रखने या खानापूरी करने की कार्यशैली अब कतई नहीं चलेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की मौजूदगी में आयोजित इस चौपाल में अफसरों ने फरियादियों की शिकायतों को न सिर्फ गंभीरता से सुना, बल्कि उनके स्थायी समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए।



समाधान दिवस में वरासत, पैमाइश, चकमार्ग पर अतिक्रमण, नाली विवाद और अवैध कब्जे के मामलों की बहुतायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व कमिर्यों को जवाबदेह बनाया। उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षक और लेखपाल केवल दफ्तरी आख्या लगाने के बजाय धरातल पर उतरें। किसी भी प्रकरण का निस्तारण शिकायतकर्ता और दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर, उनकी मौजूदगी में किया जाए ताकि फैसले पर सवालिया निशान न लगे।

संवेदनशील मामलों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर डीएम ने निर्देश दिया कि जहां भी विवाद या टकराव की आशंका दिखे, वहां राजस्व टीम अकेले जाने का जोखिम न उठाए बल्कि पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचे। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों से आपसी सौहार्द और संवाद बनाए रखने का आह्वान करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर वैध शिकायत पर बिना किसी पक्षपात के त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

इस दौरान बांसी थानाध्यक्ष, तहसील क्षेत्र के समस्त राजस्व निरीक्षक, हल्का लेखपाल व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अशोक नगर में जलभराव से नगर निगम के दावों की खुली पोल

**पार्षद योगेश सिंघल के घर के पास ही घंटों जमा रहा बरसाती पानी, गूलर रोड की गलियां भी बनीं जलभराव का शिकार**

**नगर निगम के कुछ घंटों में जल निकासी के दावों पर उठे सवाल, स्थानीय लोगों में रोष**



प्रातःकाल एक्सप्रेस

अलीगढ़। शहर में शनिवार को हुई बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की एक बार फिर पोल खोलकर रख दी। वार्ड 69 के अशोक नगर पार्क के पास क्षेत्रीय पार्षद योगेश सिंघल के घर के आसपास ही बरसाती पानी जमा हो गया। बारिश रुकने के काफी देर बाद तक सड़क और आसपास की गलियों में पानी भरा रहा, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर निगम की ओर से लगातार यह दावा किया जाता है कि बारिश के दौरान सड़कों पर जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए नगर निगम की टीमें सक्रिय रहती हैं और कुछ ही घंटों में जलभराव समाप्त कर दिया जाता है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा और महापौर प्रशांत सिंघल की ओर से भी शहर में जलभराव की समस्या को लेकर त्वरित कार्रवाई और बेहतर जल निकासी व्यवस्था के दावे किए जाते रहे हैं। लेकिन अशोक नगर और गूलर रोड क्षेत्र में बारिश के बाद दिखाई दिए हालात इन दावों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

अशोक नगर पार्क के पास बरसाती पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोगों को सड़क से निकलने में परेशानी हुई। कई स्थानों पर सड़क और नाली का अंतर तक दिखाई नहीं दे रहा था। दोपहिया वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा, जबकि पैदल राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश होते ही क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आ जाती है और पानी की निकासी में काफी समय लग जाता है।

गूलर रोड की गलियों में भी देर रात तक भरा रहा पानी

अशोक नगर के साथ-साथ गूलर रोड क्षेत्र की कई गलियां भी बारिश के पानी से प्रभावित रहीं। देर रात तक पानी जमा रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र की नालियों में सिल्ट और कूड़ा जमा रहने के कारण बरसात का पानी तेजी से आगे नहीं निकल पाता। समय से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही फैल जाता है।

दावों के बजाय धरातल पर काम की मांग

लोगों का कहना है कि प्रेस रिलीज और दावों से जलभराव की समस्या का समाधान नहीं होगा। नगर निगम को जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था करनी चाहिए। बारिश से पहले नालियों की सफाई, सिल्ट की निकासी और जल निकासी पंपों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि शहरवासियों को हर बारिश में जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े।

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अशोक नगर, गूलर रोड तथा वार्ड 69 के अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जिस समय शहर में बारिश होती है, उसी समय नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आती है और शनिवार की बारिश ने एक बार फिर यही स्थिति उजागर कर दी।

# बढ़नी बॉर्डर पर एसएसबी की कार्रवाईः मुंबई से 11 लाख की नकदी लेकर नेपाल जा रहा परिवार पकड़ा गया, कस्टम को सौंपा



प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नीसिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी चेकपोस्ट पर सशस्त्र सीमा बल एसएसबी ने नियमित जांच के दौरान एक नेपाली परिवार के पास से 11 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा बरामद की है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे मुंबई में रहकर काम करते हैं और वहीं से यह रकम लेकर अपने घर लौट रहे थे। हालांकि, मौके पर वैध दस्तावेज और वित्तीय साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने के कारण सुरक्षाबलों ने नकदी समेत परिवार के चार सदस्यों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग कस्टम के हवाले कर दिया है।

50वीं वाहिनी बलरामपुर की बढ़नी समवाय बीओपी के जवानों द्वारा शुक्रवार की रात सीमा चौकी पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुंबई से कपिलवस्तु नेपाल की ओर जा रहे एक परिवार के सामान की तलाशी ली गई, जिसमें 11 लाख रुपये की भारतीय करेंसी मिली। प्राथमिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि वे मुंबई में रहकर कामकाज करते हैं और उसी सिलसिले में जुटाई गई रकम लेकर गृह जनपद लौट रहे थे।

नियमों के तहत सीमा पार इतनी बड़ी राशि ले जाने के संबंध में संतोषजनक वित्तीय साक्ष्य न मिलने पर एसएसबी ने रकम को जब्त कर लिया। पकड़े गए लोगों की पहचान नेपाल के जिला कपिलवस्तु अंतर्गत थाना बहादुरगंज वार्ड नंबर 08 निवासी अब्दुल वाहिद 50 वर्ष, उनकी पतनी साजिरुनिशा 45 वर्ष, पुत्री चांदनी शाह 28 वर्ष और रिश्तेदार फातिमा 25 वर्ष के रूप में हुई है।

एसएसबी ने विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए बरामद 11 लाख रुपये और चारों व्यक्तियों को सीमा शुल्क विभाग कस्टम बढ़नी को सुपुर्द कर दिया है। कस्टम विभाग की टीम अब रकम के स्रोत और सीमा पार ले जाने के संबंध में विधिक जांच-पड़ताल कर रही है।

# नदियों का जलस्तर बढ़ने पर डीएम और एसपी ने संभाला मोर्चा, बांसी में राप्ती और ककरही में बूढ़ी राप्ती का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर, 26 सितम्बर 2026। जनपद में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते प्रमुख नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। स्थिति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शनिवार को संवेदनशील तटवर्ती क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों आला अधिकारियों ने बांसी स्थित राप्ती नदी और ककरही स्थित बूढ़ी राप्ती नदी के तटों पर पहुंचकर जलस्तर और सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति परखी।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नदी के कटान बिंदुओं और तटबंधों का बारीकी से मुआयना किया। जिले में हो रही अनवरत वर्षा के कारण दोनों नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। खतरे की आशंका को भांपते हुए डीएम ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की 24 घंटे लगातार निगरानी करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंधों पर किसी भी प्रकार के रिसाव या कटान की आशंका पर तत्काल तकनीकी कदम उठाए जाएं ताकि तटवर्ती गांवों पर कोई संकट न आए। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मौसम के मिजाज और नदियों के उफान को देखते हुए सतर्कता बरतें तथा अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलें। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। किसी भी आपात स्थिति या जलभराव की समस्या होने पर ग्रामीण व नागरिक तत्काल स्थानीय प्रशासन या कंट्रोल रूम को सूचित करें, जिससे समय रहते राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

# हरीशचंद्र पीजी कॉलेज में आईआईटी JAM 2027 पर विशेष सत्र का आयोजन

वाराणसी। हरीशचंद्र सनतकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए 'आईआईटी ॅंश् 2027' परीक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में भौतिकी, रसायन, गणित, प्राणि विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान विभाग में अध्ययनरत सनतक (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) के विद्याथिर्यों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी बीएचयू (घ्छऊ-ॅ्पळ) के विशेषज्ञों ने शिरकत की। आईआईटी बीएचयू के रसायन विभाग से प्रो. धनेश तिवारी तथा भौतिकी विभाग से डॉ. कुलदीप वर्मा और डॉ. सोमनाथ नाथ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

विशेषज्ञों ने आईआईटी ॅंश् के माध्यम से विभिनन विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया, परीक्षा की तैयारी के सटीक तरीके और इसके जरिए मिलने वाले सुनहरे अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस महत्वपूर्ण सत्र में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर लाभ उठाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन भौतिकी विभाग के डॉ. सूर्य प्रताप द्वारा किया गया।



इस दौरान भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद कुमार द्विवेदी, डॉ. दर्शन शर्मा, डॉ. प्रकाश गुप्ता, डॉ. राहुल रंजन एवं डॉ. सूर्य प्रताप ने भी आईआईटी जैम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्याथिर्यों के साथ परिचर्चा की तथा उनके सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर प्रो. बिरेंद्र कुमार निर्मल, प्रो. संजय श्रीवास्तव, प्रो. संगीता श्रीवास्तव, प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. राकेश मणि मिश्रा, तथा डॉ. सर्वतेज मौर्या भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में, भौतिकी विभाग की ओर से इस सफल और छात्रोपयोगी कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति देने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके कुशल निर्देशन में इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सके।

# अडानी पावर प्लांट में 300 श्रमिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर - 02 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के निरन्तर सेवाकाल की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग की कायर्योजना के अंतर्गत आज निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण कार्यक्रम 'अडानी पावर' मीरजापुर थर्मल यूपी पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड परिसर में आयोजित कराया गया।जिसमें विभिनन क्षेत्रों में कार्यरत थर्मल पावर प्रोजेक्ट के 300 से अधिक श्रमिकों का निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण एवं दवा वितरण कराया गया। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार सहित श्रमिकगण व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मड़िहान विधायक ने अधिवक्ता कक्ष भवन का किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास



मीरजापुर । शनिवार को तहसील मडि़हान, विधानसभा मडि़हान के प्रांगण में अधिवक्ता कक्ष भवन के निर्माण हेतु तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। जिसको लेकर आज पूर्व मंत्री एवं मडि़हान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अपनी विधायक निधि से 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अधिवक्ता कक्ष भवन के निर्माण हेतु विधि-विधान से पूजा-पाठ कर भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने अधिवक्ताओं को बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही।

इस अवसर पर अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, संरक्षक रामधनी सिंह, संजय त्रिपाठी, कुंजबिहारी सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, सुनीलदत्त सिंह, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म, तपस्या, समाज सेवा और नारी शक्ति के संघर्ष की कहानी

डाला/सोनभद्र। श्री बालाजी महाराज फिल्म प्रेजेंट निर्देशक ए के गुप्ता आस्था, शक्ति, संस्कार, समर्पण एक प्रेरणादायक कहानी त्यया, तपस्या और समाज सेवा की महामंडलेश्वर (जिला सोनभद्र) हिन्दी शॉर्ट फिल्म ग्रैंड रिलीजिंग मुहूर्त स्थान एसएसएस होटल डाला वैष्णो मंदिर के बगल में सम्पनन हुआ।गौरतलब है कि निर्मित हिन्दी शॉर्ट फिल्म 'महामंडलेश्वर' (जिला सोनभद्र) का भव्य मुहूर्त एवं प्रीमियर प्रदर्शन एसएसएस होटल, डाला वैष्णो मंदिर के बगल में आयोजित किया गया।यह फिल्म सनातन धर्म, तपस्या, समाज सेवा और नारी शक्ति के संघर्ष एवं प्रेरणा की एक सच्ची तथा प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सरितानंद गिरि निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार पूर्वांचल मीडिया क्लब के अध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय को अंग वस्त्र एंव माला पहनाकर सम्मानित किया गया।महामंडलेश्वर सोनभद्र , हिंदी शॉर्ट फिल्म ग्रांड रिलीजिंग मुहूर्त के अवशर पर एसएसएस होटल डाला में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री श्री सरितानन्द गिरी (निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार) ने सबका आभार ब्यक्त किया।



इस विशेष अवसर पर थानाध्यक्ष चोपन गोपाल गुप्ता, डाला चौकी इंचार्ज, बभनी ब्लाक प्रमुख प्रतिनीधि राजन सिंह, मनोज तिवारी, संजय श्रीवास्तव, मनोज सिंह राणा, शशी चौबे, पूर्वांचल मीडिया क्लब अध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, अशोक कननैजीया, बिन्दु गिरी, साधना पाण्डेय, सुमन पटेल सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भारतीय रेल रेलपथ मशीन प्रशिक्षण केंद्रप्रयागराज में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन


## 64 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज : भारतीय रेल रेलपथ मशीन प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में आज सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन के विशेष सहयोग से संपनन हुआ।शिविर का शुभारंभ केंद्र के प्रधानाचार्य श्री सीताराम प्रजापति ने स्वयं पहला रक्तदान करके किया। उनकी इस प्रेरणादायी पहल से केंद्र के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं में खासा उत्साह देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 64 लोगों ने बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान किया।इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाचार्य श्री सीताराम प्रजापति ने कहा, 'रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा और महादान है। इसके माध्यम से हम असमय संकट में पड़े किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।' उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी रक्तदाताओं तथा इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन की पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों और मानव जीवन में इसकी महत्ता के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं की इस निष्ठापूर्ण सहभागिता ने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



# बारिश से चारों ओर बिजली संकट, कई फीडरों की आपूर्ति ठप




प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। जसवंतनगर, जुगौरा, बलरई, सिरसा बीबामऊ और शाहजहांपुर समेत कई विद्युत फीडरों की आपूर्ति घंटों से बाधित है। कहीं इंसुलेटर डैमेज होने तो कहीं केबल बॉक्स फटने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। कई गांवों में 20 से 36 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के जैन बाजार, सराउगी बाजार, कटरा पुख्ता, कटरा खूबचंद, फक्कड़पुरा और कैस्त आदि क्षेत्रों में करीब 12 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। वहीं छिमारा रोड और रेलमंडी के कुछ हिस्सों में करीब 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान हैं। बारिश के बीच लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से घरेलू कामकाज के साथ-साथ दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल चार्जिंग और पेयजल व्यवस्था को लेकर भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बलरई सब-स्टेशन से जुड़े नगला तौर, घुरहा, बलरई और धरबार आदि क्षेत्रों में करीब 36 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद है। वहीं सिरसा बीबामऊ क्षेत्र के श्याम नगर, सिरसा, जसोहन, कीरतपुर और मढ़ैया समेत कई गांवों में करीब 28 घंटे से बिजली बाधित है। जुगौरा सब-स्टेशन से जुड़े जुगौरा, भीखनपुर, रतेह का अड्डा, कोकावली और अंडावली आदि गांवों में करीब 20 घंटे से आपूर्ति ठप है। शाहजहांपुर सब-स्टेशन के मदनपुरा, धनुवां समेत आसपास के गांवों में करीब 12 घंटे से बिजली नहीं आई है। विद्युत विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि सभी प्रभावित फीडरों पर अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई है। कर्मचारी खराबी वाले स्थानों पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुटे है। उन्होंने देर शाम या रात तक सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई। सायंकाल समाचार लिखे जाने तक विद्युत सुचारु नहीं हो सकी थी।

# खेत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पास पड़े मिले कुरकुरे के पैकेट और 10 रुपये

## स्विमिंग पूल के सामने कच्चे रास्ते के पास मिला शव, पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किए

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। कुदरकोट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब इटावा- बिधूना मार्ग पर स्थित स्विमिंग पूल के सामने से नूराबाद गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ललितेश नारायण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई गई है। शव के पास कुरकुरे के कुछ पैकेट और 10 रुपये का नोट भी पड़ा मिला।पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने तथा शव की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए है। हालांकि, अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह भी स्पष्ट नहीं है। थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के गांवों और थानों से भी जानकारी जुटा रही है।



# नेशनल हाईवे पर घोड़ों से टकराई कार, सीएचओ गंभीर घायल

## टक्कर में दो घोड़ों की मौत;घायल स्वास्थ्य कर्मी कानपुर रेफर



प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के अजीतमल स्थित नेशनल हाईवे पर एसएस ढाबे के सामने अचानक सड़क पर जा रहे दो घोड़ों से एक कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार स्वास्थ्य कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों घोड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया।बाबरपुर कस्बे के मोहल्ला विद्यानगर निवासी कुलदीप सिंह (35) पुत्र स्व. जालिम सिंह अमावता स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के पद पर कार्यरत है। गुरुवार रात वह कार से बाबरपुर से अनंतराम की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर एसएस ढाबे के सामने पहुंचे, तभी सड़क पर जा रहे दो घोड़ों से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सीएचसी अजीतमल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। वहीं, टक्कर में दोनों घोड़ों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घोड़ों को लेकर जा रहा युवक हादसे के बाद मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लखना में 30 सितंबर को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (रजि.) लखना के तत्वावधान में 30 सितंबर 2026, दिन बुधवार को रात्रि 8 बजे से सिया गार्डेन, बेरी खेड़ा रोड, लखना में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रसिद्ध कवि एवं कवयित्री अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। कवि सम्मेलन में पदम अलबेला, यशपाल सिंह यश, सतीश मधुप, भूमिका जैन, मोहित सक्सेना, रोहित चौधरी एवं उमेश द्विवेदी अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम संयोजक सुनीत सिंह चौहान तथा जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान व जिला मीडिया प्रभारी डॉ.सुशील सम्राट ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। संयोजक सुनीत चौहान ने बताया कि कवि सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की अपील की है ट

# बिजली तक नहीं दे पा रही सरकार,विकास के सिर्फ झूठे दावेःशिवपाल यादव

## चुनाव आयोग के प्रति जनता में आक्रोश,कांग्रेस को सैफई जसवंतनगर में नहीं मिलेंगे वोट




प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर करारा प्रहार किया।हाईवे स्थित त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में 'ब्रज मिठास - मल्टी क्यूजीन रेस्टोरेंट एंड स्वीट शॉप' की तीसरी ब्रांच के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि झूठ और जनता को गुमराह करके बीजेपी पिछले दस साल से प्रदेश में सत्तासीन है। भाजपा सरकार में बेईमानी भ्रष्टाचार और जनता की सीधी लूट हुई है।किसान युवा बेरोजगार व्यापारी हर वर्ग के साथ छलावा और शोषण किया गया है। पूरे प्रदेश में अस्पतालों की स्थिति खराब है।उन्होंने कहा कि अब हद तो तब हो गई जब विकास की झूठी गाथा गाने वाले बिजली तक नहीं दे पा रहे है। हर वर्ग इनसे परेशान है।चुनाव आयोग पर टिप्पणी करते हुए श्री यादव ने कहा कि तीन अधिकारियों में से दो अधिकारी ईमानदार है लेकिन उनकी बात नहीं मानी जा रही है। चुनाव आयोग के खिलाफ केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जनता में आक्रोश है।जनता अब इनको सबक सिखाएगी।पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने जा रही है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और मैं स्वयं प्रदेश भ्रमण पर हूं, सपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता हर जगह पहुंच रहे है।रायबरेली से सपा मुखिया के प्रचार की शुरुआत पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को छूट है।वह जहाँ से चाहे प्रचार करे लेकिन सैफई जसवंतनगर में उन्हें वोट नहीं मिलेंगे। ओम प्रकाश राजभर पर पूछे गए सवाल पर कहा कि उन्हें कोई सीरियस नहीं लेता।इससे पूर्व श्री यादव ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर ब्रज मिठास की तीसरी ब्रांच का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने संचालक राकेश,अभिषेक संदीप गांगलस और सुभाष गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि अपने स्वाद और गुणवत्ता की वजह से ही अल्प समय में ही तीसरी ब्रांच का शुभारंभ हुआ है। ब्रज मिठास परिवार ने मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव का मोमेंट देकर शॉल उढ़ा कर स्वागत किया।बता दें कि ब्रज मिठास की मुख्य ब्रांच कटरा पुख्ता और दूसरी ब्रांच बस अड्डा मुख्य चौराहे पर सफलतापूर्वक संचालित है। नई ब्रांच त्रिवेणी धर्मकांटा के पास एन-19 पर शुरू हुई है,जहां ड्राई फ्रूट, देसी घी, मावा एवं बंगाली मिठाई, रेस्टोरेंट, कुल्हड़ चाय, पार्टी हॉल और रूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सपा के वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अजीतमल कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक की मौत से पुलिस महकमा में छाई शोक की लहर

## ललितपुर से 8 अगस्त 2024 को अजीतमल कोतवाली में हुआ था स्थानांतरण लंबे समय से चल रहे थे बीमार

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के अजीतमल कोतवाली में सेकेंड मोबाइल पर तैनात उपनिरीक्षक सूरजपाल का गुरुवार को प्रयागराज में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे।अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें उपचार के लिए प्रयागराज ले जाया गया था। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि बुधवार शाम अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर उपनिरीक्षक सूरजपाल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचे थे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद गुरुवार को उनके दामाद उन्हें उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गए। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उपनिरीक्षक सूरजपाल का ललितपुर से स्थानांतरण होकर औरैया जनपद में आए थे। उन्होंने 8 अगस्त 2024 को कोतवाली अजीतमल में कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद से वह अजीतमल क्षेत्र में पुलिस ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे। प्रयागराज में वह अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही कोतवाली अजीतमल के पुलिसकर्मियों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। साथी पुलिसकर्मियों ने दिवंगत उपनिरीक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# बारिश में बरगद का पेड़ गिरा, तीन कारें दबकर क्षतिग्रस्त

## जिला अस्पताल गेट नंबर-2 के पास हादसा, गनीमत रही टली जनहानि

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। लगातार हो रही बारिश के बीच शनिवार को जिला अस्पताल के गेट नंबर-2 के पास कई साल पुराना बरगद का पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। पेड़ का भारी तना और डालियां नीचे खड़ी तीन कारों पर जा गिरीं, जिससे वाहन पेड़ के नीचे दब गए और क्षतिग्रस्त हो गए।

पेड़ गिरने की तेज आवाज से अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। हादसे के समय पेड़ के नीचे कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पेड़ गिरने से जिला अस्पताल के गेट नंबर-2 से पास कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। सूचना के बाद अस्पताल प्रशासन ने पेड़ को हटाने और उसके नीचे दबे वाहनों को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू कराई। बारिश के दौरान अचानक पेड़ गिरने की घटना से अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी गई।




# तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने रखी नींव

मीरजापुर। सिटी कोतवाली के सामने प्रस्तावित तीन मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया।बता दे प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकंड फ्लोर पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा।इस मौके पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बन जाने के बाद नगरवासियों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार के आवश्यक सामान उपलब्ध हो सकेंगे।इससे लोगों को खरीदारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की जरूरत कम होगी और नगर में व्यवस्थित बाजार की सुविधा भी मिलेगी।उन्होंने कहा कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण पूरा होने के बाद यहां विभिन्न प्रकार की दुकानें संचालित होंगी, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।आज इसकी विधिवत पूजन अर्चन के बाद नीव रखी गई है, निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने पर भी जोर दिया गया है।जिससे नगर जनता इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लाभ उठा सकेगी।इस मौके पर नगर पालिका के सभासद दुर्गा प्रसाद यादव,सभासदपति किशन कसेरा,सीएंडडीयस उत्तर प्रदेश जलनिगम, ठेकेदार रविंद्र कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों से बच्चों को कराया परिचित न्यायिक मजिस्ट्रेट ने समझाए बच्चों के अधिकार, सुरक्षित असुरक्षित व्यवहार व अनुचित स्पर्श की दी जानकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया की ओर से विद्यालयों में पॉक्सो एक्ट-2012 को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भगौतीपुर स्थित शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण संबंधी कानून की जानकारी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट शालिनी त्यागी ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति कानून की दृष्टि में बच्चा है और बच्चों की सुरक्षा के लिए कानून में विशेष प्रावधान किए गए हैं। विद्यार्थियों को अनुचित स्पर्श, शोषण तथा असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान करने और ऐसी स्थिति में चुप न रहने के लिए जागरूक किया गया। बच्चों को बताया गया कि किसी समस्या या खतरे की स्थिति में वे अभिभावक, शिक्षक, पुलिस अथवा विधिक सेवा संस्थाओं से सहायता ले सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रोमा गुप्ता ने विद्यालय का भ्रमण कर कक्षाओं में ऑडियो-वीडियो के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों को पेंटिंग व अन्य रचनात्मक गतिविधियों के जरिए पॉक्सो के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानाचार्य सौरभ कश्यप, उपप्रधानाचार्य आदित्य चौधरी, विद्यालय स्टाफ, दिलीप कुमार, ऋषभ पोरवाल, पीएलवी लालता प्रसाद व रविदत्त सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# लूट और हत्या के अभियोग में अभियुक्त को 7 वर्ष कारावास की सजा 50,000/-रुपये के अर्थदण्ड भी लगाया गया

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में शुक्रवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय जनपद औरैया द्वारा लूट के दौरान चोट पहुँचाने वाले अभियुक्त को दण्डित किया गया।मु0अ0सं0 188/2006 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली औरैया से संबन्धित 01 अभियुक्त को दण्डित किया गया। अभियुक्त-महावीर कोरी पुत्र देशराज कोरी निवासी गोविन्दनगर थाना कोतवाली जनपद औरैया (उ0प्र0) को धारा 394 भदवि0 के अंतर्गत 07 वर्ष कारावास की सजा व कुल 50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी के निधन पर सपा में शोक की लहर

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का जाना पीड़ादायक है समाजवादी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़ों, दलितों, शोषितों और गरीबों की आवाज को बुलंद करने में समर्पित कर दिया। और शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दो मिनट का मौन रखकर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह पटेल, आदर्श यादव, झल्लू यादव, अभय यादव, छविनाथ विश्वकर्मा, मण्डेला यादव, रवि सोनकर, बृजलाल मौर्या, मेवालाल प्रजापति, रमाकांत यादव आदि मौजूद रहें।

# वीरभूमि झांसी में गूंजा अपना दल (एस) का दम, आशीष पटेल के स्वागत में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। वीरभूमि झांसी के मऊरानीपुर स्थित करुणा पैलेस में अपना दल (एस) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके झांसी आगमन पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए आशीष पटेल ने पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कायर्योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में अपना दल (एस) जातीय गणना सहित सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपना दल (एस) का मजबूत संगठन है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है।

बैठक के दौरान जनपद झांसी के विभिनन्‍ क्षेत्रों से आए कई लोगों ने अपना दल (एस) की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनसेवा के माध्यम से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि आशीष पटेल का मार्गदर्शन संगठन के लिए नई ऊर्जा और उत्साह का अवसर है। उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

इस अवसर पर मऊरानीपुर विधायक रश्मि आर्या, पप्पू सेठ, दीपमाला कुशवाहा, कालका पटेल, अरविंद पटेल, धर्मपाल निरंजन, डॉ. रामचंद्र पटेल, शिवकुमार सिंह सोलंकी, अहमद मंसूरी, शिवशंकर पटेल, आनंद बोहरे बाबूजी, जिला अध्यक्ष भारत सिंह पटेल पचवारा, डॉ. सुभाष रायकवार, देवेंद्र पटेल, बृजबिहारी लाल, राजकुमार रायकवार, विजय कछ्वारे, नारायण दास बरार, गुरु दयाल रैकवार, दुलीचंद बरार, रामराज पटेल, पवन पटेल, हर्षद पटेल, पूर्व परिहार, धर्मेश पटेल, रविकांत पटेल, कुसुमा रायकवार, जावन महादेव रायकवार, सकरार आलम रायकवार, शंकर भाई बरुआसागर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 25 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन एसडीओ स्तर से स्वीकृत करने की मांग

## बुंदेलखंड क्रांति दल ने मुख्य अभियंता विद्युत को सौंपा ज्ञापन, टीजी-2 तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में लगाने की भी उठाई मांग



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में शनिवार को मुख्य अभियंता विद्युत, झाँसी क्षेत्र को ज्ञापन सौंपकर आम उपभोक्ताओं एवं किसानों से जुड़ी विद्युत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में 6 किलोवाट से 25 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शनों की स्वीकृति एसडीओ स्तर से किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि विभागीय आदेश के अनुसार निर्धारित भार तक के विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने का अधिकार सहायक अभियंता (विद्युत)/एसडीओ को दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद कनेक्शन एसडीओ की आईडी के बजाय अधिशासी अभियंता की आईडी से स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं और किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि 6 से 25 किलोवाट तक के पात्र कनेक्शन एसडीओ स्तर से ही स्वीकृत किए जाएं तथा आदेश का पालन न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में टीजी-2 तकनीकी कर्मचारियों को कार्यालयों के बजाय फील्ड में तैनात करने की मांग भी की गई। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों का मूल कार्य फील्ड से संबंधित है, लेकिन कई कर्मचारियों को कार्यालयों में लगाए जाने से फील्ड में तकनीकी स्टाफ की कमी बनी हुई है। इससे किसानों और उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के समाधान में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कार्यालयों में तैनात टीजी-2 कर्मचारियों को उनके मूल दायित्व के अनुसार फील्ड में भेजने की मांग की।

बुंदेलखंड क्रांति दल ने दोनों मामलों की तत्काल जांच कराकर विभागीय आदेशों का पालन सुनिश्चित करने तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर मो. नईम मंसूरी, आरिफ कमाल, कालीचरण श्रीवास, सुनील पुरोहित, जगदीश विश्वकर्मा, हरिशंकर शर्मा, भरत राजा, दीप्ति रजक, आयुष तिवारी, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, देवी प्रसाद प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नंदोत्सव व लाड़ली राधा जू का जन्मोत्सव भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाया

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**




झांसी। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ 2026 की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती किरण चौड़ेले के सानिध्य में नंदोत्सव, लाड़ली राधा जू का जन्मोत्सव एवं रासलीला भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में महिलाओं ने नंद-यशोदा तथा राधा-कृष्ण की अनंत भक्ति और अटूट प्रेम को विभिनन्‍ प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। उत्सव के दौरान ट्रॉफी, बिस्किट एवं फलों की लुटाई और वितरण किया गया। इसके साथ ही मनोरंजक गेम्स, प्रतियोगिताओं एवं मनमोहक प्रस्तुतियों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'मकर सजना' प्रतियोगिता रही, जिसमें महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। थीम आधारित हाउजी एवं विभिनन्‍ रोचक खेलों ने कार्यक्रम में खूब रंग जमाया। गीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती किरण चौड़ेले ने सभी महिलाओं को राधाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सौहार्द एवं संगठन की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते है।सभी सखियों ने नंदोत्सव के साथ लाड़ली जू का जन्मदिन भी भक्ति, मस्ती और ब्रज की रंगीली छटा के बीच हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में रेखा, विमला, सुनीता, स्मिता, रितु, ज्योति, अर्चना, बबीता, रिया, संगीता, स्वाति, पिंकी, नेहा, रुचि, अलका, रेखा, आरती, जया, सरिता, किरण, अनीता, सीमा, मधु, मधुलिका, दीपा, रेनू, रीता, रीना, शिवा, रश्मि, गुंजन, सपना, प्रीति सहित बड़ी संख्या में सखियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# 'आर्ट ऑफ स्मार्ट वर्क' से विद्यार्थियों ने सीखे समय प्रबंधन और सफलता के मंत्र

## आईईटी के स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम में इस्कॉन के गोविंद दास प्रभु ने स्मार्ट वर्क, एकाग्रता, अनुशासन और बेहतर निणर्य क्षमता पर दिया मार्गदर्शन



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी (आईईटी) में आयोजित स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम-2026 के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्याथिर्यों के लिए 'आर्ट ऑफ स्मार्ट वर्क - लर्न स्मार्ट, वर्क स्मार्टर, लिव बेटर' विषय पर विशेष प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। सत्र में यूथ मेंटर एवं स्पिरिचुअल स्पीकर तथा इस्कॉन झांसी/आईआईटी कानपुर के वाइस प्रेसिडेंट हिज ग्रेस प्रिय गोविंद दास प्रभु ने विद्याथिर्यों को स्मार्ट वर्क, समय प्रबंधन, एकाग्रता, अनुशासन, मानसिक संतुलन और प्रभावी निणर्य क्षमता के महत्व से परिचित कराया।

प्रिय गोविंद दास प्रभु ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए केवल कठिन परिश्रम पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही दिशा, स्पष्ट लक्ष्य और योजनाबद्ध तरीके से किया गया कार्य अधिक प्रभावी परिणाम देता है। उन्होंने विद्याथिर्यों को समय का सदुपयोग करने, प्राथमिकताएं निर्धारित करने और अनावश्यक गतिविधियों से स्वयं को दूर रखने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मन की एकाग्रता कार्यक्षमता को बढ़ाती है। सकारात्मक सोच, नियमित दिनचर्या और आत्मअनुशासन के माध्यम से विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ व्यक्तिगत जीवन में भी संतुलन स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विद्याथिर्यों को परिस्थितियों के दबाव में निणर्य लेने के बजाय शांत मन से सोच-विचार कर निणर्य लेने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

आईईटी के निदेशक प्रो. डी. के. भट्ट ने कहा कि विद्याथिर्यों के सर्वांगीण विकास के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ जीवन प्रबंधन, अनुशासन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रेरक सत्र विद्याथिर्यों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में सही दिशा चुनने में सहायता करते हैं।सत्र में प्रथम वर्ष के विद्याथिर्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्याथिर्यों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें समय प्रबंधन, एकाग्रता, अनुशासित दिनचर्या तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत लक्ष्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की प्रेरणा मिली।कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंडक्शन प्रोग्राम समन्वयक इंजी. राजेश वर्मा, इंजी. विजय वर्मा एवं डॉ. शुभांगी निगम की प्रमुख भूमिका रही। वहीं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर इंजी. शशिकांत वर्मा, डॉ. अंजिता श्रीवास्तव, डॉ. रवि कुमार, डॉ. दिनेश द्विवेदी एवं इंजी. अनुराग कुमार ने भी कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर आईईटी के विभिनन्‍ विभागों के विभागाध्यक्ष, समन्वयक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन करें 15 अक्टूबर तक

## निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण, टूलकिट एवं स्वरोजगार के साथ मिलेगी ?10 लाख ऋण सुविधा

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, झाँसी द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यरत दस्तकारों एवं परम्परागत कारीगरों के कौशल विकास, क्षमता वृद्धि एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क 10 दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने अवगत कराया है कि योजना के अन्तर्गत मोबाइल फोन रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, प्लम्बर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, ब्यूटी एवं वेलनेस, डिजिटल फोटोग्राफी, मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भड़भूजा, मछुआरा एवं मधुमक्खी पालन आदि ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत चयनित एवं प्रशिक्षित कारीगरों को अपना व्यवसाय स्थापित करने, विस्तार करने अथवा तकनीकी उनन्यन के लिए अधिकतम 10 लाख तक का बिना गारंटी एवं बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान के साथ ही ऋण पर 15 प्रतिशत तक मार्जिन मनी सब्सिडी भी अनुमन्य है। इसके अतिरिक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षाथिर्यों को ?500 प्रतिदिन की दर से कुल 5,000 मानदेय तथा प्रशिक्षण उपरान्त उनन्त टूलकिट उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। उपर्युक्त ट्रेडों से संबंधित कार्य करने वाले दस्तकार एवं कारीगर ही प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। आवेदक का संबंधित ट्रेड/व्यवसाय से जुड़ा होना अनिवार्य है। आवेदन के लिए जाति संबंधी कोई बाध्यता नहीं है। आवेदक द्वारा संबंधित व्यवसाय से जुड़े होने का प्रमाण ग्राम प्रधान, नगर पंचायत अध्यक्ष अथवा नगरीय निकाय के वार्ड सदस्य द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के रूप में आवेदन के साथ संलगन्‍ करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। उक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र अभ्यथिर्यों के आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से प्ूेः// स्ेस.ल्ज्ुदन.ग्ह वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे। योजना, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं ऋण सुविधा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, कमिशन्‍री कम्पाउण्ड, बी.के.डी. चौराहे के पास, झाँसी में संपर्क कर सकते हैं।उपायुक्त उद्योग ने जनपद के पात्र दस्तकारों एवं कारीगरों से अपील की है कि वह विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के अन्तर्गत उपलब्ध कौशल प्रशिक्षण, टूलकिट एवं स्वरोजगार हेतु ऋण सुविधा का लाभ उठाएं तथा अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर आवश्यक प्रमाण-पत्र/अभिलेख अनिवार्य रूप से संलगन्‍ करें।

# अनंत चतुर्दशी पर बिजली संकट को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मुख्य अभियंता को दी चेतावनी

## कहा–अनुरक्षण पर करोड़ों खर्च होने के बाद भी मामूली बारिश और हवा में पूरा शहर अंधेरे में, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता श्री महेंद्र सिंह से वार्ता कर अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर में हुई व्यापक बिजली कटौती पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अनंत चतुर्दशी वर्ष के प्रमुख पर्वों में से एक है, लेकिन इस महत्वपूर्ण अवसर पर झांसी के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।प्रदीप जैन आदित्य ने मुख्य अभियंता से कहा कि सीपरी बाजार, सिविल लाइन, इतवारीगंज, रानी महल, बड़ागांव गेट सहित शहर के अनेक क्षेत्रों में अनंत चतुर्दशी की रात पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं दिन में भी बिजली के बार-बार आने-जाने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण और व्यवस्था में सुधार के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है, इसके बावजूद मामूली बारिश या हवा चलने पर पूरे-पूरे क्षेत्रों की बिजली गुल हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि इतना खर्च होने के बाद भी विद्युत व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं आया है, तो इसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक ओर उपभोक्ताओं के बिजली बिल लगातार बढ़ते जा रहे है, वहीं दूसरी ओर शहरवासियों को प्रमुख त्योहारों पर भी निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। यह स्थिति विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।प्रदीप जैन आदित्य ने मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार, बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान तथा अनुरक्षण कार्यों की प्रभावी समीक्षा की मांग की।उन्होंने कहा कि झांसी की जनता नियमित रूप से अपने बिजली बिलों का भुगतान करती है और उसे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त करना उसका अधिकार है। यदि आने वाले समय में विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और इसी प्रकार बिजली कटौती जारी रही, तो जनहित में बिजली विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# स्वामी फिलिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। शिवपुरी रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर डगरवाहा, रक्सा में स्वामी फिलिंग स्टेशन (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप) पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के झाँसी बिक्री क्षेत्र के अधिशासी विक्रय अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार्जिंग सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। स्वामी फिलिंग स्टेशन पर यह सुविधा शुरू होने से राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर आवागमन करने वाले इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को सहूलियत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में स्वच्छ एवं आधुनिक परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।स्टेशन के संचालक अखिलेश गुप्ता (नीलू रक्सा) ने कहा कि ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल के साथ आधुनिक ऊर्जा विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत की गई है। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ ही राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी लाभ मिलेगा।

# विश्व रेबीज दिवस पर पालतू कुत्ते-बिल्लियों का निशुल्क टीकाकरण

## नगर निगम कार्यालय परिसर में 28 सितंबर को लगेगा मेगा वैक्सीनेशन कैंप

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर नगर निगम झांसी के सौजन्य से 28 सितंबर 2026 को नगर निगम कार्यालय परिसर में पालतू कुत्ते एवं बिल्लियों के लिए मेगा निशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप का शुभारंभ महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।कैंप में पालतू कुत्ते एवं बिल्लियों के पंजीकरण के साथ उनका एंटी रेबीज टीकाकरण पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा। टीकाकरण के बाद पशु पालकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जो नगर निगम में पालतू पशुओं के आवश्यक पंजीकरण में मान्य होगा। निजी क्लीनिकों में इस टीकाकरण के लिए सामान्यतः 500 से 1000 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, जबकि नगर निगम के कैंप में यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।नगर निगम ने झांसी नगर के पशु पालकों से अपील की है कि वे अपने पालतू कुत्ते एवं बिल्लियों का आवश्यक रूप से एंटी रेबीज टीकाकरण कराएं। कैंप 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित होगा। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि अपने पालतू पशुओं का पंजीकरण एवं निशुल्क टीकाकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# 25 हजार का इनामी साइबर ठगी का आरोपी पत्नी समेत मोहाली से गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। साइबर अपराध एवं धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी बीरेन्द्र सिंगरिया और उसकी पतने पूजा शर्मा को नवाबाद पुलिस ने पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर 2024 को उरई निवासी ओमप्रकाश वर्मा ने थाना नवाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि एक्स-रे एवं पैथोलॉजी लैब में पार्टनरशिप के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर वादी और उसकी पुत्रवधू से करीब 25 लाख रुपये ले लिए गए तथा रकम वापस नहीं की गई। इस मामले में नवाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस के मुताबिक आरोपी बीरेन्द्र सिंगरिया और उसकी पतने पूजा शर्मा की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। सर्विलांस सेल की मदद से मिली लोकेशन के आधार पर नवाबाद पुलिस ने 25 सितंबर को 290, सेक्टर-77, मोहाली, पंजाब से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बीरेन्द्र सिंगरिया पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# कोतवाली नगर पुलिस ने छिनैती का किया खुलासा, एक वांछित गिरफ्तार, चैन-तमंचा व बाइक बरामद



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। बीते सोमवार को वादी जनार्धनदास अग्रवाल पुत्र बाबूराम निवासी विष्णुधाम कॉलोनी, न्यू माधोनगर थाना कोतवाली नगर ने तहरीर दी कि 2 बाइक सवार अज्ञात युवक उनकी पतनी के गले से चैन छीनकर भाग गए। तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 222/26 धारा 304(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी सहारनपुर के निर्देश पर एसपी नगर व सीओ नगर प्रथम के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राजीव कुमार सक्सेना के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त बिल्लु उर्फ सनने पुत्र राकेश निवासी ग्राम लखनौती खुर्द थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया। बरामदगी 1 गले की चैन (पीली धातु), 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल ळझ11ँभ 5089। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि नुमाइश कैंप में उसने अपने साथी बिट्टू के साथ मिलकर एक वृद्धा के गले से चैन छीनी थी और घर जाकर दो हिस्सों में बांट ली थी। आधा हिस्सा उसके पास था जिसे बेचने वह सहारनपुर आया था, आधा बिट्टू के पास है। बाइक भी बिट्टू की है। बिट्टू को पुलिस ने 24.09.2026 को पकड़कर जेल भेज दिया था। तमंचा उसने देहरादून में एक अज्ञात व्यक्ति से 5000 रुपये में खरीदा था। पुलिस अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

# चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## अंगूठी, चेन और 10 हजार रुपये बरामद



चिलकाना। चिलकाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई एक अंगूठी, सफेद धातु की गले की चेन और 10 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर को मोहल्ला कोठी वाला, सुल्तानपुर निवासी वहीद ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखी 15 हजार रुपये की नकदी, चांदी की अंगूठी और गले का लॉकेट चोरी होने की तहरीर दी थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई। शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुल्तानपुर की ओर बंद पड़े भट्टे के पास से दो आरोपियों अब्दुल समद और मोहम्मद समीर, निवासी मोहल्ला कोठी वाला, सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, अब्दुल समद के कब्जे से सफेद धातु की अंगूठी और पांच हजार रुपये, जबकि मोहम्मद समीर से सफेद धातु की चेन और पांच हजार रुपये बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया।

# थाना गंगोह पुलिस ने बाइक चोरी का किया खुलासा, एक शातिर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। 17 अगस्त 2026 को वादी अमजद पुत्र लियाकत निवासी ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह ने तहरीर दी कि अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल रजि.नं. ळझ11ँख7796 (प्ड अर्त्ले) चोरी कर ले गया। तहरीर पर थाना गंगोह में मु.अ.सं. 389/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी सहारनपुर के निर्देशन में वाहन चोरी रोकथाम अभियान के तहत एसपी ग्रामीण व सीओ गंगोह के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक इन्द्रेश कुमार के नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रशान्त शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी मी. कोटला थाना गंगोह को ग्राम बुढ्ढखेड़ा से लखनौती जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

औद्यानिक फसलों एवं शहद के निर्यात को बढावा देने के लिये 28 व 29 सितम्बर को आयोजित होगा प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

# प्रदेशीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मंडलीय ट्रायल संपन्न

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता 03 से 05 अक्टूबर 2026 तक इटावा में आयोजित होगी। इसके लिए मंडलीय चयन ट्रायल्स आज 26.09.2026 को आदेश कुमार, अंश मानदेय कुश्ती प्रशिक्षक के निर्देशन में संपन्न हुए। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी सहारनपुर मंडल राहुल चोपड़ा, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, मनोज कुमार, प्रशांत मलिक आदि उपस्थित रहे।



## चयनित खिलाडि़यों की सूची फ्री-स्टाइल

- 57 किग्रा - सुहैल (शामली)
- 61 किग्रा - अवि (शामली)
- 65 किग्रा - सागर कश्यप (मुजफ्फरनगर)
- 70 किग्रा - आयुष कुमार (सहारनपुर)
- 74 किग्रा - हर्षित कुमार (सहारनपुर)
- 79 किग्रा - उपलक्ष कुमार (सहारनपुर)
- 86 किग्रा - विराज कुमार (सहारनपुर)
- 92 किग्रा - आदित्य चौधरी (सहारनपुर)
- 97 किग्रा - प्रीत (सहारनपुर)
- 125 किग्रा - सालिम हुसैन (सहारनपुर)

ग्रीको-रोमन - 55 किग्रा - अनस (शामली)
- 60 किग्रा - सौरभ (शामली)
- 63 किग्रा - मो. अयान (सहारनपुर)
- 67 किग्रा - प्रिंस सैन (सहारनपुर)
- 72 किग्रा - अब्दुर रहमान (शामली)
- 77 किग्रा - सावन नौटियाल (सहारनपुर)
- 82 किग्रा - वरदान कुमार (सहारनपुर)
- 87 किग्रा - वंश (सहारनपुर)
- 97 किग्रा - अंशुल कुमार (सहारनपुर)
- 130 किग्रा - कृष चौहान (शामली)

# एमआरएफ कूड़ा सेंटर के पास अवैध कॉलोनी का आरोप



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में रैंइ कूड़ा सेंटर के बराबर शंखलापुरी रोड पर अवैध कॉलोनी काटे जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिल्डर अशोक वालिया द्वारा बिना ले-आउट पास कराए प्राधिकरण के इंजीनियर और मेट से मिलीभगत कर प्लाटिंग की जा रही है। ग्रामीणों ने उपाध्यक्ष, सविप्रा को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि बिना विकास शुल्क जमा कराए और बिना भू-उपयोग परिवर्तन (धारा 143) के कॉलोनी काटी जा रही है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है और आम जनता को बिना सड़क, नाली, बिजली के प्लॉट बेचे जा रहे हैं।शिकायतकर्ता की मांग1. मौके का स्थलीय निरीक्षण कर अवैध कॉलोनी पर तुरंत रोक लगे।2. दोषी बिल्डर व संबंधित र्झ/मेट के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो।3. अवैध कॉलोनी को सील/ध्वस्त किया जाए।नियमानुसार कार्रवाई-उ.प्र. नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973-धारा 14-बिना नक्शा पास कराए निर्माण प्रतिबंधित।-धारा 15-ले-आउट पास कराना अनिवार्य।-धारा 27-अवैध निर्माण को सील/ध्वस्त करने का अधिकार।-धारा 26ँ- अवैध कॉलोनी पर 2 साल तक जेल व जुर्माना। शासनादेश 2023 के अनुसार अवैध कॉलोनाइजर पर ईंध दर्ज कर भू-माफिया के तहत कार्रवाई व राजस्व वसूली का प्रावधान है।

# जिला उद्यान अधिकारी ने की कृषक बंधुओं से प्रतिभाग करने की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने बताया कि औद्यानिक फसलों में रूचि रखने वाले जनपद के कृषकों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य तथा औद्यानिक फसलों एवं शहद के निर्यात को बढावा देने के लिये 28 व 29 सितम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से

दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर कम्पनी बाग में आयोजित किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी जी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामेन्द्र राणा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कृषक बंधुओं से अपील की है कि नियत समय व तिथि पर पहुँचकर इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभ उठाएं।

# आईआईएमटी कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



नागल। युवा शक्ति को नशे से नहीं, राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है, इस संदेश के साथ आईआईएमटी कॉलेज में एनएसएस के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत व स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 410 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। स्वास्थ्य शिविर में देहरादून व सहारनपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की। चिकित्सकों ने युवाओं एवं ग्रामीण प्रतिभागियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, व्यायाम व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

सौरभ लूथरा ने युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि युवावस्था जीवन की दिशा तय करने का समय है, नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय को शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण में लगाना ही युवाओं की वास्तविक शक्ति है।प्राचार्या डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि स्वस्थ, जागरूक व नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने व अपने आसपास के लोगों को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी ब्रज नरेश, ज्योति भारद्वाज व मंजुला आदि रहे।

# मीडिया के माध्यम से महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई की छवि धूमिल करने का प्रयास

**प्रातकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। भाजपा में महानगर अध्यक्ष शीतल बिशनेई की बढ़ती सक्रियता से घबराए कुछ लोगों द्वारा मीडिया के माध्यम से उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जो टीम विधायक राजीव गुम्बर का टिकट कटवाने के लिए षड्यंत्र रच रही है, वही टीम अब महानगर अध्यक्ष पर हमलावर है।पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कम भीड़ को लेकर जो बातें उछाली जा रही हैं, उसकी सच्चाई कुछ और है।1. कार्यक्रम सफल रहा - पंडित जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम गरिमामय तरीके से हुआ, जिसमें महापौर, महामंत्री किशोर शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। 18-20 की संख्या कहना भ्रामक है। 2. षड्यंत्र के तहत अनुपस्थिति - कुछ मंडल अध्यक्षों का गाजियाबाद जाकर महानगर प्रभारी से मिलना और फिर अगले दिन कार्यक्रम से नदारद रहना, यह एक सोची-समझी रणनीति है ताकि अध्यक्ष को बदनाम किया जा सके। 3. संगठन सर्वोपरि - शीतल बिशनेई रबड़ स्टाम्प नहीं, बल्कि संगठन के निणन्य को ही लागू कर रहे हैं। निणन्य किसी और के थोपने की बात निराधार है। 4.कार्यकर्ताओं का सम्मान - खाने की प्लेट छीनने और उपेक्षा जैसे आरोप बेबुनियाद हैं। महानगर अध्यक्ष ने हर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है।5.भीड़ से नहीं, विचार से चलता है संगठन - दीनदयाल जी का कार्यक्रम विचार का कार्यक्रम था, भीड़ दिखाने का नहीं। कुसिन्यां नीचे लगाना और मंच खाली रखना पंडित जी के सादगी के विचार का प्रतीक था, न कि उदासीनता का।पार्टी सूत्रों का स्पष्ट कहना है कि कुछ मुट्ठीभर लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए नगर संगठन में तूफान खड़ा करना चाहते हैं, जबकि जमीनी कार्यकर्ता आज भी महानगर अध्यक्ष शीतल बिशनेई के साथ मजबूती से खड़ा है।

# बारिश भी नही डिगा सकी कश्यप समाज का हौसला, मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान

## एससी सूची में कश्यप समाज की 16 जातियों को शामिल करने की मांग, संयुक्त मोर्चा बोला–मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



मुजफ्फरनगर। बारिश के बीच भी कश्यप समाज की मांगों को लेकर आंदोलन का सिलसिला जारी है। कश्यप एकता क्रांति मिशन संगठन एवं महर्षि कश्यप एकता संगठन के संयुक्त मोर्चा ने कश्यप समाज की 16 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल/परिभाषित किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है।

संयुक्त मोर्चा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, धीवर सहित संबंधित जातियां लंबे समय से अपने सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। संगठन ने सरकार से इन जातियों को एससी सूची में शामिल किए जाने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मोर्चा ने रोहिणी आयोग की रिपोर्ट जल्द लागू करने, समाज के लोगों के साथ होने वाले कथित अत्याचार के मामलों में कार्रवाई करने तथा पीडि़तों के साथ राजनीतिक अथवा व्यक्तिगत दबाव में दुर्व्यवहार रोकने की मांग भी उठाई।

### बारिश में भी आंदोलन जारी रखने का दावा

बारिश के बावजूद प्रदर्शन को लेकर संयुक्त मोर्चा ने अपने रुख में किसी बदलाव के संकेत नहीं दिए हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों पर ठोस कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। संगठन ने सरकार से पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने की मांग भी की। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए संयुक्त मोर्चा ने कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों पर निणन्य नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान कश्यप एकता क्रांति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित कश्यप, आदेश कश्यप, संस्थापक अजय कश्यप, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कश्यप, मास्टर सुशील कश्यप, महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कश्यप, जिला अध्यक्ष रामधन कश्यप एडवोकेट, अमरीश कश्यप, वंश कश्यप, अभिषेक कश्यप, नगर अध्यक्ष संजीव कश्यप, आनंद सहित संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। संयुक्त मोर्चा ने सरकार से कश्यप समाज की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

# अवैध खनन से भरे तीन डंपर को पुलिस ने किया सीज

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। अवैध खनन एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन के खिलाफ चिलकाना पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन डंपरों को पकड़कर सीज कर दिया। कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर अवैध खनन और उसके परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार सुबह पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने दुमझेड़ा रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने खनन सामग्री से भरे तीन डंपरों को रोककर जांच की। जांच में डंपर बिना रॉयल्टी के खनन सामग्री का परिवहन करते पाए गए। टीम ने तीनों डंपरों को कब्जे में लेकर थाना चिलकाना पहुंचाया, जहां उन्हें नियमानुसार सीज कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित विभाग और उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# शंखलापुरी / खुब्बनपुर में रातों-रात 250 आम के हरे पेड़ों पर आरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। थाना क्षेत्र के शंखलापुरी-खुब्बनपुर में रात में अवैध पेड़ कटान का बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार हारून ठेकेदार, उसका भाई छोटा और उनाली के सईद ने 40 पेड़ों की अनुमति लेकर 250 हरे आम के पेड़ काट डाले। आरोप है कि बिना सहमति के बीरमानंद के बाग के भी 7 हरे आम के पेड़ चोरी-छिपे काट लिए गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तीनों को गाड़ी में बैठाया, फिर छोड़ दिया। जिसके बाद गांव में आक्रोश है और वन विभाग से कार्रवाई की मांग की जा रही है।वन विभाग / पेड़ कटान पर प्रावधान1. उ.प्र. वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976- धारा 4/10 – बिना अनुमति हरा पेड़ काटना अपराध। 6 माह तक जेल या 1000 रु. तक जुर्माना या दोनों, साथ में पेड़ की कीमत की वसूली।2. भारतीय वन अधिनियम, 1927- धारा 26, 33 –आरक्षित क्षेत्र में कटान पर कार्रवाई।3. ँए धारा 303(2) –दूसरे के बाग से पेड़ काटना चोरी की श्रेणी में, 3 साल तक की सजा का प्रावधान।4. आम के पेड़ विशेष संरक्षित –आम, नीम, महुआ जैसे फलदार पेड़ों पर ३श की अनुमति आवश्यक, 40 की अनुमति पर 250 काटना परमिशन का उल्लंघन।

### फिर धमाल मचाएंगे

# अनीत पड्डा

## और अहान पांडे, मोहित सूरी की अगली फिल्म पर धांसू अपडेट आ गया!






साल 2025 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' से रातों-रात स्टार बने अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर चर्चा में हैं. अपनी पहली ही फिल्म से बॉक्स ऑफिस के बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़ने वाली यह जोड़ी फिर साथ आ रही है. यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी पिक्चर के डायरेक्टर मोहित सूरी थे. जिसने सिनेमाघरों में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी. अब मोहित सूरी एक नई प्लानिंग के साथ अहान पांडे और अनीत पड्डा पर दांव खेल रहे हैं. हाल ही में फिल्म पर बड़ा अपडेट आया. जिससे पता लगा कि मोहित सूरी की अगली फिल्म की शूटिंग अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में शुरू होगी.

दरअसल यह प्रोजेक्ट मोहित सूरी और 'सैयारा' के एक्टर्स के बीच दूसरा कोलैबोरेशन होगा. खास बात है कि यशराज फिल्म्स वाले ही इस पिक्चर को भी प्रोड्यूस कर रहे हैं. हाल ही वैरायटी इंडिया पर एक रिपोर्ट छपी. जिसमें कहा गया कि अक्टूबर के दूसरे हफ्ते से अहान पांडे और अनीत पड्डा फिर बड़ी तैयारियों में जुट जाएंगे. कुछ वक्त पहले ही बताया गया था कि फिल्म के लिए 'सतरंगा' नाम पर चर्चा की जा रही है. उस समय यह नाम पक्का नहीं हुआ था, हालांकि इसे टी-सीरीज के साथ रजिस्टर कराया गया था.

**अनीत और अहान की बड़ी तैयारी**

अनीत पांडे और अहान पांडे की अपकमिंग फिल्म का टाइटल अबतक कंफर्म नहीं किया गया है. हो सकता है कि जिस नाम पर पहले चर्चा चल रही थी, यानी 'सतरंगा' के साथ ही मेकर्स आगे बढ़ जाए. खैर, इन सबके बीच जानकारी मिली है कि मोहित सूरी और उनकी टीम अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में शूटिंग शुरू करेंगे. वैसे मेकर्स ने कहानी को अभी छिपाकर रखा है. हालांकि पहले इस फिल्म को एक लव स्टोरी बताया गया था, जिसमें एक्शन भी देखने को मिलेगा. अब अक्टूबर में शूटिंग शुरू होना तय हो गया है, इसलिए जैसे-जैसे प्रोडक्शन फोटोग्राफी के फेज में आगे बढ़ेगा. तो उसके बाद पिक्चर के टाइटल, कहानी और रिलीज की प्लानिंग को लेकर भी खुलासे हो जाएंगे.

**अनीत और अहान की बड़ी फिल्में ?**

दरअसल 'सैयारा' की सफलता के बाद अनीत पड्डा अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में बिजी थीं. यह मैडॉक फिल्म्स की मच अवेटेड फिल्म है, जिसे आदित्य सरपोतदार ने तैयार किया है. वहीं, इस फिल्म का काम अनीत पूरा कर चुकी हैं.

दूसरी तरफ अहान पांडे डायरेक्टर अली अब्बास जफर की एक बड़े बजट की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में काम कर रहे हैं. अली अब्बास जफर की इस फिल्म में अहान का एक हाई-ऑक्टेन एक्शन और ग्रेसफुल अंदाज देखने को मिलेगा.

### जन्नत की जोया के नाम से आज भी पहचानी जाती हैं

# सोनल चौहान

## बोलीं- मुझे इससे कोई परेशानी नहीं



करीब दो दशक पहले रिलीज हुई फिल्म जन्नत ने सोनल चौहान को हिंदी फिल्म दर्शकों के बीच एक खास पहचान दिलाई थी. इस फिल्म में वो इमरान हाशमी के अपोजिट नजर आई थीं. फिल्म में इमरान और सोनल की कैमेस्ट्री ने सभी का दिल जीत लिया था. आज भी कई लोग उन्हें जन्नत गर्ल या उनके किरदार के नाम जोया से जानते हैं. हालांकि, सोनल को इस पहचान से कोई परेशानी नहीं है. उनका कहना है कि किसी एक किरदार के लिए इतने सालों बाद भी याद किया जाना किसी भी कलाकार के लिए गर्व की बात है.हाल ही में सोनल चौहान को एक नई पहचान भी मिली है. मिर्जापुर-द मूवी में मुमताज का किरदार निभाने के बाद अब दर्शक उन्हें इस नाम से भी पहचानने लगे हैं. सोनल के मुताबिक, उनके लिए यह उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि है.



**जन्नत गर्ल का टैग मिलने पर क्या बोलीं सोनल**

एनडीटीवी से बातचीत में सोनल चौहान ने जन्नत से जुड़ी अपनी पहचान के बारे में बात की. । उन्होंने बताया कि उन्हें आज भी जन्नत गर्ल कहलाना बिल्कुल पसंद है और उन्होंने कभी इस पहचान से दूरी बनाने की कोशिश नहीं की. सोनल ने कहा, मुझे लगता है कि बहुत कम एक्टर्स को अपनी पहली फिल्म में वो मिलता है, जो मुझे मिला. उन्होंने आगे कहा कि इतने सालों बाद भी अगर लोग उन्हें जोया के नाम से याद करते हैं, तो यह उनके लिए बेहद खास है.

सोनल ने कहा, आज तक मुझे मेरे किरदार के नाम से बुलाया जाता है या लोग मुझे जन्नत गर्ल के नाम से जानते हैं. मुझे इससे क्यों परेशानी होगी? मुझे लगता है कि ये बहुत खूबसूरत बात है कि मेरी पहली फिल्म में मुझे इतना प्यार मिला कि दर्शक आज भी उसे भूले नहीं हैं.

**अब मुमताज के नाम से बुला रहे हैं लोग**

सोनल के लिए अब सबसे अच्छी बात यह है कि उनके साथ एक नई पहचान भी जुड़ गई है. मिर्जापुर-द मूवी में मुमताज का किरदार निभाने के बाद लोग उन्हें अब मुमताज के नाम से भी पहचानने लगे हैं.

उन्होंने कहा, इतने सालों बाद भी मैं इसे किसी और तरह नहीं देखना चाहूंगी. मुझे जन्नत गर्ल कहलाना पसंद है, लेकिन इस समय मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की हो रही है कि पहले लोग मुझे जोया कहते थे और अब सभी मुझे मुमताज कह रहे हैं.

## छोटे पर्दे का सुपरहीरो 'हातिम' अब किस हाल में जी रहा है? कई साल से नहीं मिला कोई लीड रोल!




आज भारतीय टेलीविजन के उस चहेते चेहरे का जन्मदिन है, जिसने 2000 के दशक में करोड़ों बच्चों और युवाओं के दिलों की धड़कनें तेज कर दी थीं. 25 सितंबर को अपना जन्मदिन मना रहे अभिनेता राहिल आजम को जब भी कोई याद करता है, तो जेहन में सिर्फ एक ही छवि तैरती हैहाथ में जादुई तलवार, लंबे बाल और सात पहेलियों की तलाश में निकला शूरवीर 'हातिम'. साल 2003 में जब स्टार प्लस पर 'हातिम' टेलीकास्ट हुआ था, तो राहिल आजम रातों-रात नेशनल क्रश और छोटे पर्दे के सबसे बड़े फैंटेसी सुपरहीरो बन गए थे.उस दौर में ऐसा लगता था कि टीवी इंडस्ट्री का अगला सुपरस्टार मिल चुका है और वे आने वाले दशकों तक बतौर लीड हीरो राज करेंगे. लेकिन आज, उस शो के 23 साल गुजर जाने के बाद दर्शक जब टीवी का रिमोट उठाते हैं, तो एक टीस और हैरानी भरा सवाल सामने आता है, आखिर छोटे पर्दे का वो चमकता सुपरहीरो अब किस हाल में जी रहा है? और इतना बड़ा नाम होने के बावजूद उन्हें पिछले कई सालों से किसी बड़े टीवी शो में सोलो लीड रोल क्यों नहीं मिला?

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर से टीवी का 'हातिम'**

बेंगलुरु से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर मुंबई की मायानगरी में किस्मत आजमाने आए राहिल आजम की पर्सनैलिटी और स्क्रीन प्रेजेंस कमाल की थी. 'हातिम' की कामयाबी के बाद उनके सामने ऑफर्स की कोई कमी नहीं थी. लेकिन यहीं से टीवी इंडस्ट्री का वो कड़वा सच सामने आया, जिसे बहुत कम लोग समझ पाते हैं. उस दौर में टीवी पर सास-बहू के डेली सोप्स का सैलाब आ चुका था, जहां पुरुष एक्टर का काम ज्यादातर शादी के मंडप में खड़े रहना या बैकग्राउंड में चाय का कप पकड़ना रह गया था. राहिल आजम उन कलाकारों में से नहीं थे जो सिर्फ स्क्रीन टाइम पाने के लिए किसी भी घिसे-पिटे रोल में खुद को खपा देते. उन्होंने कभी खुद को किसी एक सांचे या इमेज में बंधने नहीं दिया. इसका नतीजा यह हुआ कि मेकर्स ने उन्हें सोलो रोमांटिक लीड के तौर पर कास्ट करने के बजाय या तो खूंखार विलेन के रूप में देखा या फिर मजबूत सपोर्टिंग रोल्स तक सीमित कर दिया.

**सीआईडी के 'नकुल' से 'अनुपमा' के 'यशपाल' तक का सफर**

भले ही उन्हें पिछले दो दशकों में कोई बड़ा सोलो लीड रोल नहीं मिला, लेकिन जब-जब राहिल कैमरे के सामने आए, उन्होंने अपनी एक्टिंग का ऐसा खौफ और असर छोड़ा कि मुख्य हीरो भी फीके पड़ गए. 'सीआईडी' जैसे आइकॉनिक सीरियल को ही देख लीजिए एसीपी प्रद्युम्न के बागी और साइको बेटे 'नकुल' का किरदार निभाकर उन्होंने पूरे देश को हिला दिया था.

## 'शुद्ध देसी रोमांस' के बाद एक और फिल्म करने वाले थे सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा, एक्ट्रेस ने किया खुलासा




दिवंगत एक्टर सुशांत ने अपनी एक्टिंग और अपनी सादगी भरे अंदाज से कई लोगों का दिल जीता था. हालांकि, 14 जून 2020 को एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया, जिससे लाखों दिल टूट गए थे. फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' में दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. फिल्म को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला था. दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के साथ-साथ ऑफ स्क्रीन बॉन्ड भी काफी अच्छा था. अब कई सालों बाद परिणीति चोपड़ा ने सुशांत को याद करते हुए उनके साथ अपने रिश्ते और दोस्ती को लेकर कुछ बातें शेयर की हैं.

एक्ट्रेस ने बताया कि दोनों एक-दूसरे की बात और सोच को अच्छी तरह समझते थे. एक्ट्रेस ने यह भी याद किया कि जब उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता था, तब सुशांत ने उन्हें लेकर काफी खुशी जताई थी और उनका हौसला बढ़ाया था. सुशांत के साथ दोबारा काम करने का मौका नहीं मिल पाने की बात पर भी एक्ट्रेस ने अपनी फिलिंग शेयर की है.

**सुशांत संग कैसा था परिणीति का रिश्ता**

परिणीति चोपड़ा ने एक खास बातचीत में दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपनी दोस्ती और बॉन्ड को याद किया. फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' में दोनों ने साथ काम किया था. बातचीत के दौरान परिणीति ने बताया कि सुशांत उनके लिए सिर्फ को-स्टार नहीं, बल्कि एक अच्छे दोस्त और हमेशा हौसला बढ़ाने वाले इंसान थे. परिणीति ने याद किया कि जब उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता था, तब सुशांत ने उन्हें लेकर काफी खुशी जताई थी और उन्हें बधाई दी थी. उन्होंने सुशांत को अपना 'बडी' और 'चीयरलीडर' बताते हुए कहा कि वह हमेशा उनके काम और उपलब्धियों को लेकर उत्साहित रहते थे.

**एक और फिल्म साथ करने वाले थे स्टार्स**

एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि दोनों एक बार फिर साथ काम करने वाले थे. सुशांत और परिणीति को डायरेक्टर होमी अदजानिया की एक फिल्म में साथ कास्ट किया जाना था, लेकिन किसी वजह से वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका. परिणीति ने कहा कि उन्हें इस बात का हमेशा अफसोस रहेगा कि वह फिल्म उनके साथ नहीं कर पाईं. सुशांत के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए परिणीति ने बताया कि दोनों अक्सर स्टार्स, फिल्मों की इकनॉमिक्स और कई दूसरे मुद्दों पर लंबी बातचीत किया करते थे.

## दहेज केस में फरार चल रहे आरोपी को द्वारका पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के द्वारका जिले की एंटी-जेल बेल एंड प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर सेल की टीम ने दहेज के एक मामले में ट्रायल से भाग रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र (33) निवासी रूप नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। उसे 4 अक्टूबर 2024 को कोर्ट की एमएस वैशाली सिंह, एलडी जेएमएफसी, साउथ-वेस्ट, द्वारका कोर्ट द्वारा एफआईआर कर थाना मोहन गार्डन के मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। द्वारका जिले के डीसीपी कुशल पाल सिंह, आईपीएस के निर्देश पर भगोड़े अपराधियों को पकड़ने पर हमेशा विशेष जोर दिया जाता है। इसी कड़ी में एसीपी ऑपरेशन्स द्वारका सुभाष मलिक की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया था।इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर हरीश कुमार कर रहे थे, जिसमें पीओ एंड जेल बेल सेल द्वारका के हेड कांस्टेबल राहुल यादव और कांस्टेबल अशोक शामिल थे। टीम को भगोड़े अपराधियों और सक्रिय बदमाशों को पकड़ने का टास्क दिया गया था। 10 सितंबर 2026 को टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि जितेंद्र, जो दहेज के मामले में ट्रायल से बच रहा था और जिसे द्वारका कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम तुरंत रूप नगर पहुंची। टीम ने जाल बिछाया और मोहन गार्डन, दिल्ली में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली हाईकोर्ट का मेटा को आदेशः पीएम मोदी के साथ एआई-मॉर्फ्ड तस्वीरें 24 घंटे में हटाएं, पीड़िता को पुलिस सुरक्षा

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कथित तौर पर एआई के जरिए मॉर्फ की गई तस्वीरों के प्रसार से जुड़े मामले में बड़ा आदेश देते हुए मेटा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों से सभी आपत्तिजनक तस्वीरें और संबंधित वेबलिंक 24 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता महिला को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया। साथ ही दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। हाई कोर्ट ने इस मामले में सीजेपी से जुड़े अभिजीत दीपके, सौरव दास, आशुतोष रांका और रत्ना सिंह को भी नोटिस जारी किया है।

याचिका में पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी तस्वीर को एआई तकनीक की मदद से एडिट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मॉर्फ किया गया और उसे सोशल मीडिया तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया। महिला ने अदालत से इन तस्वीरों और उनसे जुड़े सभी वेबलिंक हटाने की मांग की थी।

## अमेरिकी नागरिकों से साइबर ठगीः सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी रैकेट के मुख्य आरोपी को दबोचा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध कॉल सेंटरों के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने उक्त आरोपी और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ 8 सितंबर 2026 को मामला दर्ज किया था। यह मामला एक बड़े पैमाने पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय धोखाधड़ी गिरोह से संबंधित है। इसको कथित तौर पर 2024 से गुजरात के अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। आरोपियों ने आपस में और अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची और फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी), यूएस अटॉर्नी, क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) और अन्य संघीय एजेंसियों के अधिकारियों का रूप धारण किया। उन्होंने वीओआईपी संचार के माध्यम से पीड़ितों को झूठी सूचना दी कि उनकी पहचान का दुरुपयोग करके किसी ने उनके कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से बाल पोर्नोग्राफी देखी है। इसके बाद, आरोपियों ने पीड़ितों को अपने बैंक खातों से पैसे निकालने, सोना खरीदने और उसे अमेरिका में उनके द्वारा नियुक्त कूरियर को सौंपने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, पीड़ितों को बहला-फुसलाकर उनसे 72 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी की गई।

## भारत में ईयू के राजदूत जीन-एरिक पाकेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा परिचय पत्र

**नई दिल्ली ।** भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाकेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना परिचय पत्र सौंपा। इससे पहले वे जापान में यूरोपीय संघ के राजदूत के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राजदूत एरिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ अपनी तस्वीर साझा की। एरिक ने पोस्ट में लिखा, ''भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने अपना परिचय-पत्र पेश करना मेरे लिए सम्मान की बात है। व्यापार, रक्षा, सुरक्षा और रिसर्च एवं इनोवेशन (आरएंडआई) जैसे क्षेत्रों में रिश्ते तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण और उत्साह भरे समय में भारत में यूरोपीय संघ (ईयू) का प्रतिनिधित्व करने पर मुझे गर्व है। हमारी साझा प्राथमिकताओं पर मिलकर सहयोग करने और काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'' राष्ट्रपति भवन ने 'एक?स' पर पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाकेट से परिचय पत्र स्वीकार किए। ' भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी व्यापार, रक्षा और सुरक्षा तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्रों में प्रगति कर रही है।

# समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर नेताओं ने किया नमन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महान दार्शनिक, समाज सुधारक और शिक्षाविद् ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने याद करते हुए नमन किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभों में से एक और जाने-माने समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर याद करते हुए।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा, 'महान शिक्षाविद्, समाज सुधारक एवं भारतीय नवजागरण के अग्रदूत ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। नारी शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण के लिए आपका अतुलनीय योगदान भारतीय समाज को निरंतर प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। '

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'महान दार्शनिक, समाज सुधारक और शिक्षाविद् ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार मानने वाले विद्यासागर ने नारी शिक्षा, सामाजिक समानता और जनजागरण के लिए अथक प्रयास किए। बंगाली भाषा और साहित्य को सरल एवं आधुनिक स्वरूप देने में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका विचार, व्यक्तित्व और मानव सेवा के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। 'दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, 'बंगाल



की धरती ने भारत को नवजागरण की जो चेतना दी, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर उसके प्रखर प्रकाश-स्तंभ थे। महान शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की जयंती पर शत-शत नमन। ' राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'महान समाज सुधारक, प्रखर शिक्षाविद् एवं राष्ट्रभक्त, स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन! नारी शिक्षा, सामाजिक समानता और मानवीय मूल्यों के लिए उनका अथक संघर्ष एवं समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके प्रगतिशील विचार हमें राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। '

बिहार के मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, 'महान शिक्षाविद, समाज सुधारक एवं मानवतावादी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। शिक्षा के प्रसार, महिला शिक्षा और समाज में सुधार के लिए उनका समर्पित जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। '

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर लिखा, 'प्रख्यात समाज सुधारक, शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर सादर नमन करता हूं। नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका सरल जीवन, मानवीय दृष्टिकोण और समाज के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहेगा। '

उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने एक्स पर लिखा, 'महान समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर सादर नमन। शिक्षा के प्रसार, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार के लिए आपके अथक प्रयास सदैव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे। '

# एनसीआर में तीन दिन तक छाए रहेंगे बादल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश का असर अब दिल्ली-एनसीआर के मौसम पर भी दिखाई देने लगा है। शनिवार सुबह से ही दिल्ली, नोएडा और आसपास के इलाकों में आसमान पर काले बादल छाए हुए हैं और कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 26 सितंबर को दिल्ली-एनसीआर के लिए बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, 26 और 27 सितंबर को सामान्य तौर पर बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार, 26 सितंबर को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इस दिन सामान्य तौर पर बादल छाए रहेंगे और मध्यम बारिश हो सकती है। सुबह से लेकर पूर्वाह्न, दोपहर और शाम तक अलग-अलग समय पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

27 सितंबर को भी मौसम का



मिजाज बदला हुआ रहेगा। आईएमडी के पूर्वानुमान में इस दिन अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आसमान सामान्य तौर पर बादलों से घिरा रहेगा और मध्यम बारिश की संभावना है। सुबह, पूर्वाह्न, दोपहर और शाम के समय हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाएं चल सकती हैं। हवा की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

28 सितंबर को भी बादल छाए रहने की संभावना है, हालांकि बारिश की तीव्रता कम होगी। अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दिन हल्की बारिश का अनुमान है और कोई मौसम चेतावनी नहीं दी गई है। वहीं 29 सितंबर को मौसम में धीरे-धीरे सुधार की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आसमान मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है और कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

मौसम विभाग के 26 सितंबर के उप-विभागीय पूर्वानुमान में पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 26 सितंबर को अत्यधिक भारी बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं की चेतावनी है।

27 सितंबर को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत भारी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है। इसके चलते उत्तर प्रदेश से सटे दिल्ली-एनसीआर में भी बादल और बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती हैं। बारिश और तेज हवाओं के चलते सड़क यातायात प्रभावित होने, जलभराव तथा बिजली से जुड़ी दिक्कतों की आशंका बन सकती है।

## लॉक तोड़कर चुराते थे वाहन, शाहदरा पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** शाहदरा जिले की गांधी नगर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की दो होंडा एक्टिवा स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को गांधी नगर थाने में राजगढ़ कॉलोनी से स्कूटी चोरी होने की ई-एफआईआर दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 8 सितंबर को उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी शाहदरा की निगरानी, एसीपी गांधी नगर के मार्गदर्शन और एसएचओ इंस्पेक्टर राज कुमार की देखरेख में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में एएसआई राहुल, हेड कांस्टेबल अभय पंवार, जितेंद्र, प्रमोद, विजयपाल और कांस्टेबल प्रिंस शामिल थे। जांच के दौरान पुलिस ने दिल्ली पुलिस के कैमरों और आरोपियों के भागने वाले रास्ते पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो लोग स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी की गाड़ी के साथ भागते हुए दिखे। तकनीकी विश्लेषण से एक आरोपी के चेहरे की पहचान हुई। लगातार सीसीटीवी एनालिसिस, तकनीकी जांच और फील्ड वेरिफिकेशन के बाद पुलिस ने आरोपियों के ठिकाने का पता लगा लिया। पहले आरोपी की पहचान समीर (26 वर्ष) निवासी न्यू बृजपुरी, जगतपुरी, दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ में समीर ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि उसने अपने साथी सोहेल के साथ मिलकर चोरी की थी। समीर की निशानदेही पर दूसरे आरोपी सोहेल (20 वर्ष) निवासी ओल्ड बृजपुरी, खुरेजी खास, जगतपुरी को अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के तीन सामान बरामद किए। पहली स्कूटी, जो 18 सितंबर को गांधी नगर थाने के ई-एफआईआर में चोरी हुई थी। दूसरी स्कूटी जो 15 सितंबर को जीटीबी एन्क्लेव थाने के इलाके से चोरी हुई थी।

# ग्लोबल साउथ को अब नियम मानने नहीं, नियम बनाने होंगेः विक्रम मिस्री

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान भारत ने एक बार फिर ग्लोबल साउथ के हितों को मजबूती से रखा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने न्यूयॉर्क में 'ग्रुप ऑफ 77' के विदेश मंत्रियों की 50वीं सालाना बैठक में भारत का पक्ष रखा। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा गया, 'विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने न्यूयॉर्क में यूएनजीए81 के दौरान 'ग्रुप ऑफ 77' के विदेश मंत्रियों की 50वीं सालाना बैठक में भारत का राष्ट्रीय बयान दिया। इस बैठक का विषय 'ग्लोबल साउथ और मल्टीलेटरलिज्म का भविष्य' था। '

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने भी इस बैठक की जानकारी साझा की। अपने पोस्ट में मिशन ने बताया कि विदेश सचिव ने लोगों पर केंद्रित और विकास-उन्मुख बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाने में जी77 की लगातार अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में जी77 जैसे



मंच की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है, क्योंकि यही मंच विकासशील देशों की आवाज को एकजुट करता है। मिस्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल जरूरत को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जब तक यूएनएससी में विकासशील देशों की आवाज और प्रतिनिधित्व मजबूत नहीं होगा, तब तक सच्चा बहुपक्षवाद संभव नहीं है।अपने बयान में विदेश सचिव ने एक बड़ा आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ को अब 'नियम मानने वालों' से 'नियम बनाने वालों' की भूमिका में आना होगा। इसके लिए सभी विकासशील देशों को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

एक अन्य कार्यक्रम में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संयुक्त राष्ट्र की डिप्टी सेक्रेटरी-जनरल अमीना जे. मोहम्मद से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में एआई और सतत विकास में उभरते अवसरों पर चर्चा हुई। विदेश सचिव ने इस दौरान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में भारत के योगदान पर जोर दिया और बताया कि भारत किस तरह सतत विकास के लिए समावेशी, सुलभ और मानव केंद्रित एआई टेक्नोलॉजी विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है।

# तलाक पीड़ित बेसहारा महिलाओं को वक्फ बोर्ड देगा घर, अगले महीने लाएंगे प्रस्ताव : शादाब शम्स

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने तीन तलाक और हलाला पीड़ित बेघर और बेसहारा महिलाओं को सहारा देने के लिए एक बड़ी पहल का ऐलान किया। वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा कि बोर्ड के पास मौजूद लैंड बैंक और संपत्तियों का इस्तेमाल अब उनके असली हकदारों, यतीमों, मिस्कीनों और विधवाओं के लिए किया जाएगा। शादाब शम्स ने कहा, 'वक्फ प्रॉपर्टीज का एक लैंड बैंक है। हम केयरटेकर हैं, और हमारे पास कई घर और संपत्तियां हैं। हम सरकार के साथ बैठकर बात करेंगे कि हम उन्हें बेहतर तरीके से कैसे सौंप सकते हैं। मुझे उम्मीद है क्योंकि मैंने हमारे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की, और उन्होंने बहुत सकारात्मक जवाब दिया। जब से वक्फ संशोधन एक्ट आया है, तब से बेसहारा महिलाओं में उम्मीद जगी है और अब गरीबों को उनका हक मिलेगा। उसी लाइन को आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड की धामी सरकार एक फैसला लेने जा रही है।' उन्होंने कहा कि अगले महीने की मीटिंग में हम एक प्रस्ताव रख रहे हैं कि जो महिलाएं तीन तलाक या हलाला



पीड़ित हैं और बेघर या बेसहारा हैं, उन्हें वक्फ बोर्ड सहारा देगा। वक्फ बोर्ड उन्हें रहने की जगह देगा ताकि वे बिना किसी मकसद के न भटकें। उत्तराखंड की धामी सरकार यूसीसी लेकर आई है और उसी की ग्राउंडिंग में हम यह कोशिश कर रहे हैं कि बेटियों को उनके हक दिए जा सकें। जो बेसहारा हैं, वक्फ तो उन्हीं के लिए था। वक्फ सदके, जकात, और खैरात का पैसा है। यह यतीमों, मिस्कीनों, बेवाओं और बेसहाराओं का हक था, लेकिन इसके ऊपर कुछ राजनीतिक दलों के नेता और उनके कार्यकर्ता बैठ गए और वक्फ का जो असली मकसद था, वह खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश उस मकसद को जमीन पर उतारने की है, उन बेटियों को उनके अधिकार दिलाने की है और फिर उन्हें सशक्त बनाकर रोजगार से जोड़ने की है, ताकि वे बेटियां आत्मनिर्भर होकर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर सकें और किसी के सामने झुकना न पड़े। जिस तरह उत्तराखंड में हलाला के दो-तीन मामले सामने आए हैं, उनमें देखने को मिला कि बेटी को मजबूर किया गया और उससे कहा गया कि 'तुम कहां जाओगी, तुम्हारे भाई तुम्हें नहीं रखेंगे, और पति ने तलाक देकर घर से निकाल दिया है तो अब तुम कहां जाओगी?' ऐसे में वह कहीं न कहीं इसी दबाव में रहती हैं कि 'मैं कहां जाऊंगी। '

# कन्या केलवानी निधि से लेकर नमामि गंगा अभियान तकः पीएम मोदी के उपहारों की नीलामी बनी जनसेवा का माध्यम

**सरकारी अनुमानों के अनुसार, नीलामी के पिछले संस्करणों के माध्यम से नमामि गंगा परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जुटाई गई है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर उनके 25 वर्षों के जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान के उपलक्ष्य में एक महीने तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का पालन कर रही है। इस दौरान एक पहलू जो व्यापक रूप से ध्यान से नहीं देखा गया है, वह यह है कि उन्हें प्राप्त उपहार, स्मृति चिन्ह और यादगार वस्तुएं किस प्रकार 'जनहित' के कार्यों में योगदान दे रही हैं। यह सिलसिला पिछले 25 वर्षों से निरंतर बना हुआ है-पहले अक्टूबर 2001 से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और मई 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में। उन्हें प्राप्त उपहारों को वर्षों से नकद में परिवर्तित किया गया है और उससे प्राप्त धनराशि का उपयोग बालिका सशक्तीकरण, गंगा नदी की सफाई और अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रमों के वित्तपोषण में किया गया



है। कन्या केलवानी निधि योजना और नमामि गंगा योजना, विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी की जनसेवा की पहचान बन गई हैं क्योंकि उन्होंने उपहारों-शॉल, मूर्तियां आदि को 'सेवा के साधन' में बदल दिया।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 2003 में कन्या केलवानी निधि की नींव रखी, जिसके तहत बालिका शिक्षा और महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित कोष बनाया गया। 2003 में बालिका शिक्षा के लिए वित्त पोषण हेतु शुरू किया गया यह कार्यक्रम सच्ची सेवा का प्रतीक था, जो बाद के वर्षों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और अन्य कौशल विकास एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से और भी मजबूत हुआ।

कन्या केलवानी निधि ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को प्राप्त उपहारों की नीलामी से धनराशि जुटाई और वर्षों बाद यह मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना (एमवाईएसवाई) नामक एक औपचारिक योजना बन गई। 2017-18 में औपचारिक रूप से शुरू की गई यह योजना नीट के माध्यम से एमबीबीएस में प्रवेश पाने वाली लड़कियों को सहायता प्रदान करती है। पात्र महिला मेडिकल छात्राओं को एमवाईएसवाई के माध्यम से ट्यूशन फीस का 50 प्रतिशत मिलता है।

नमामि गंगा कार्यक्रम-2014 में शुरू किया गया, गंगा को उसके गौरवशाली अतीत और प्रदूषण मुक्त स्वरूप में पुनर्स्थापित करने का राष्ट्र का सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास है।

नमामि गंगा पवित्र नदी और उसकी सहायक नदियों को पुनर्जीवित और नया जीवन देने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना रही है। यह परियोजना चाहे किसी भी कारण से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से दूर हो, प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त उपहारों की नीलामी ने इस कार्य में निरंतर योगदान दिया है। जनवरी 2019 में शुरू हुई प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई-नीलामी से प्राप्त धनराशि सीधे नमामि गंगा कार्यक्रम के लिए समर्पित है।

# जल केवल संसाधन नहीं, आर्थिक संवृद्धि और सतत विकास की मूल धुरी है : संजय दुबे

**नई दिल्ली के 9वें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह में मप्र ने प्रस्तुत की संधारणीय जल प्रबंधन की अनुकरणीय रूपरेखा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के नगरीय विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि जल केवल एक साधारण प्राकृतिक संसाधन नहीं, अपितु एक रणनीतिक परिसंपत्ति है, जो राज्य की आर्थिक संवृद्धि, नगरीय सहनशीलता, पर्यावरण संधारणीयता और दीर्घकालिक विकास आयोजना की मूल धुरी है।

अपर मुख्य सचिव दुबे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 9वें 'भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह' में जल को राष्ट्रीय परिसंपत्ति के रूप में पुनर्परिभाषित करना विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय परिचर्चा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावी जल सुरक्षा और समर्थ शहरों के निर्माण के लिए नवोन्मेषी वित्तीय तंत्रों, टिकाऊ अधोसंरचना विकास तथा एकीकृत




जल संसाधन प्रबंधन को अंगीकार करना समय की मांग है।

**नगरीय विकास और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संतुलन**

अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने राज्य की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों को रेखांकित करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन संधारणीय अधोसंरचना, नवीन वित्तीय प्रबंधन और उत्तरदायी जल संरक्षण को एक साथ एकीकृत कर रहा है। उन्होंने इंदौर में नर्मदा नदी प्रणाली से संबद्ध जल अधोसंरचना के लिए जारी किए गए देश के सफल 'ग्रीन बॉन्ड' का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इंदौर का यह नवाचार यह सिद्ध करता है कि किस प्रकार नगरीय विकास और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को एक साथ गति दी जा सकती है।

**'नमामि नर्मदे' मिशन और दीर्घकालिक जल सुरक्षा**

दुबे ने कहा कि 'नमामि नर्मदे' मिशन नदियों के पुनरुद्धार, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और दीर्घकालिक जल सुरक्षा के प्रति मध्यप्रदेश की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह मिशन राज्य के उस व्यापक दृष्टिकोण के अनुकूल है, जिसके तहत आर्थिक प्रगति को प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन और संरक्षण का संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बल दिया कि 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए मध्य प्रदेश समावेशी विकास, सुदृढ़ नगरीकरण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिये जल सुरक्षा को निरंतर सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। सिटीगाइड खोजें सत्र में काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) तथा एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई नीतिगत रिपोर्ट इंडिया वाटर डाइजेस्टः स्केलिंग इन्वेस्टमेंट फॉर ए वाटर-सिक्योर इंडिया का विमोचन किया गया। यह रिपोर्ट जल क्षेत्र में पूंजीगत निवेश को बढ़ाने तथा भारत की विकास यात्रा में जल सुरक्षा को एक अनिवार्य आर्थिक स्तंभ के रूप में स्थापित करने पर बल देती है। इस अवसर पर देश-विदेश के नीति निर्माता, विकास संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं जल क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# यह एक बड़ी उपलब्धि', राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनुष-दिया को दी बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में मनुष शाह और दिया चितले की जोड़ी ने टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। मनुष-दिया को खास उपलब्धि हासिल करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में मिक्स्ड डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनुष शाह और दिया चितले को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि भारत ने गेम्स के लगातार तीसरे संस्करण में भी इस खेल में मेडल जीतने का सिलसिला जारी रखा है। भविष्य में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए मेरी शुभकामनाएं।' केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी भारत की इस जोड़ी को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 के मिक्स्ड डबल्स टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर हमारे पैडलर्स मनुष शाह और दिया चितले को बधाई। '

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मनुष-दिया को बधाई देते हुए लिखा, 'मनुष शाह और दिया चितले ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एशियन गेम्स 2026 में टेबल टेनिस मिक्स्ड डबल्स में पोडियम तक पहुंचने के लिए इस जोड़ी को बहुत-बहुत बधाई। भारतीय टेबल टेनिस के लिए यह गर्व का पल है। ' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मनुष शाह और दिया चितले को बधाई देते हुए लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में मिक्स्ड डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनुष शाह और दिया चितले पर गर्व है। मैं उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देता हूं। उनका हुनर, लगन और टीमवर्क तारीफ के काबिल है और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। ' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जोड़ी को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'एशियन गेम्स में भारतीय टेबल टेनिस के लिए गर्व का पल।